इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव








वर्ष- 43 | अंक -271 | राजनांदगांव, सोमवार 19 अगस्त 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए


# बेटी ने लिखी अस्पताल की काली करतूत! सीबीआई के पास पीड़िता की डायरी; पिता का ममता बनर्जी पर फूटा गुस्सा

परगना। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में लेडी डॉक्टर का बलात्कार कर मार दिया था। पहली बार मृत डॉक्टर की मां मीडिया के सामने आई हैं। उन्होंने बेटी की मौत के बाद प्रशासन की लापरवाही व असंवेदनशीलता पर खुलकर बात की। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी आरोप लगाए हैं।

कोलकाता में रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए पीड़िता के पिता मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बात कर रही हैं कि मेरी बेटी को जल्द न्याय मिलें। वह सड़कों पर घूम-घूम कर बड़ी-बड़ी बात कर रही हैं, लेकिन उनका काम इसके उलट है। वह जनता के गुस्से को दबाने की कोशिश कर रही हैं। यह उनका दोहरापन है। क्या वह लोगों के गुस्से से डर रही हैं। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में बलात्कार-मृत्यु मामले में मृत डॉक्टर की मां ने कहा कि पहले हमें अस्पताल से फोन आया कि आपकी बेटी बीमार है। उसके बाद फोन काट दिया गया। मैंने फोन किया और पूछा कि क्या हुआ, तो उन्होंने मुझे अस्पताल आने के लिए कहा।

### हॉस्पीटल ने कहा- बेटी ने किया सुसाइड

हमने दोबारा फोन किया, तो (कॉल करने वाले) ने खुद को असिस्टेंट सुपर बताया। उसने कहा कि आपकी बेटी ने गुरुवार को ड्यूटी पर सुसाइड कर लिया। हमें यह कॉल शुक्रवार को सुबह 10.53 बजे मिली।




### उसके शरीर पर था सिर्फ एक कपड़ा

हम वहां पहुंचे तो उसे देखने की इजाजत नहीं दी गई। हमें 3 बजे उसे देखने की इजाजत दी गई। उसकी पैंट खुली हुई थी। उसके शरीर पर सिर्फ एक कपड़ा था। उसकी आंखों, मुंह से खून निकल रहा था। उसे देखकर ऐसा लग रहा था कि किसी ने उसकी हत्या कर दी है। मैंने उनसे कहा कि यह आत्महत्या नहीं है। हमने अपनी बेटी को डॉक्टर बनाने के लिए बहुत मेहनत की थी। उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई।

### मुख्यमंत्री विरोध को रोकने की कर रहीं कोशिश

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने कहा था कि अपराधी को जल्द से जल्द (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### महिला डॉक्टर हत्याकांड का सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान, कल सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक महिला प्रशिक्षु डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले का संज्ञान लिया है। इस पर सुनवाई 20 अगस्त को होगी। शीर्ष कोर्ट की वेबसाइट पर 20 अगस्त की सूची के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ सुनवाई करेगी। यह मामला कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या से जुड़ा है।

# चंपाई सोरेन ने जेएमएम छोड़ने के संकेत दिए : कहा- मेरे पास 3 विकल्प; पहला- संन्यास लूं, दूसरा- संगठन खड़ा करूं, तीसरा- किसी के साथ चल दूं

रांची। झारखंड के पूर्व सीएम और जेएमएम नेता चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की खबर मिलते ही दिल्ली से लेकर झारखंड तक सियासी हलचल तेज हो गई है। शनिवार शाम चंपई सोरेन दिल्ली के लिए निकले और विधायकों संग रविवार को दिल्ली पहुंच गए।

### एक्स पर बताई झामुमो से अलग होने की वजह

चंपई सोरेन ने एक्स पर लिखा कि इतने अपमान और तिरस्कार के बाद मुझे वैकल्पिक रास्ता तलाशने पर मजबूर होना पड़ा। भारी मन से मैंने विधायक दल की बैठक में कहा कि आज से मेरे जीवन का एक नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। इसमें मेरे पास तीन विकल्प थे। पहला, राजनीति से संन्यास लेना, दूसरा अपना अलग संगठन बनाना और तीसरा अगर इस रास्ते पर कोई साथी मिले तो उसके साथ आगे का सफर तय करना। उस दिन से लेकर आज तक और आने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव तक इस सफर में मेरे लिए सभी विकल्प खुले हैं। आज समाचार देखने के बाद आप सभी के मन में कई सवाल उमड़ रहे होंगे। आखिर ऐसा क्या हुआ, जिसने कोल्हान के एक छोटे से गांव में रहने वाले एक गरीब किसान के बेटे को इस मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## विधायक देवेन्द्र यादव गिरफ्तारी मामला

# गिरफ्तारी के खिलाफ 21 अगस्त को कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

रायपुर। विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इसी सिलसिले में पीसीसी चीफ दीपक बैज ने राजीव भवन में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। जिसमें नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व सीएम भूपेश बघेल लेंगे प्रेस कांफ्रेंस भी मौजूद रहे। तीनों नेताओं की पत्रकारवार्ता में 20 अगस्त को होने वाले कांग्रेस विधायक दल की बैठक को लेकर रणनीति पर चर्चा की है।




पीसीसी चीफ दीपक बैज ने विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी को दुर्भावनावश करार देते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस गिरफ्तारी की निंदा करती है। यह बदलापुर की कार्रवाई है। जब जब भाजपा की सरकार होती है। इसी तरह की घटनाएं होती है। झीरमकांड ऐसी ही घटना थी। बलौदाबाजार की घटना देश में पहली बार हुई है। अमरगुफा मामले में दोषी लोगों को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। समाज घटना की सीबीआई जांच की मांग करता रहा लेकिन सरकार ने सतनामी समाज की मांग नहीं मानी बलौदाबाजार में स्थिति बिगड़ रही थी, सरकार संभाल नहीं पाई और अब घटना को सरकार रोक नहीं सकी अब दोषारोपण कांग्रेस पर कर रहे है। 21 अगस्त को सभी जिला मुख्यालयों में कांग्रेस प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आंदोलन की घोषणा की है। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि विधायक देवेंद्र यादव के साथ कांग्रेस खड़ी है। विधायक दल की बैठक में तय होगा प्रदर्शन की रूपरेखा क्या होगी। आगे उन्होंने कहा की सतनामी समाज कांग्रेस के साथ नजर आई है। समाज को तोड़ने और बदनाम करने षड्यंत्र रचा गया।

### सरकार सीबीआई जांच क्यों नहीं कराती - बघेल

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बयान देते हुए कहा कि- कांग्रेस न्यायालय से लेकर सड़क तक लड़ाई लड़ेगी। भाजपा सरकार ने सनम जांगड़े के खिलाफ क्यों कार्रवाई नहीं की है।

वह तो पूरे आयोजन में शामिल थे पर कार्रवाई नहीं की गई। घटना की सीबीआई जांच कराना चाहिए, सरकार क्यों जांच नहीं कराती। सरकारें आती जाती रहती है, ऐसा काम मत करो नजरें ना मिला सको।

### बदलापुर की राजनीति

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई गलत है। पुलिस ने यह दबाव में आकर किया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पाठकों को बधाई...




रक्षाबंधन पर्व पर समस्त सुधि पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

- सम्पादक

## आज अवकाश

रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में आज 19 अगस्त को दैनिक 'दावा' कार्यालय में अवकाश रहेगा। पाठकों को अगला अंक 21 अगस्त 2024 को प्राप्त होगा।

- व्यवस्थापक




# त्यौहारी सीजन में शहर में उमड़ी भीड़ हर पल जाम के बन रहे हालात

## बाजार में धड़ल्ले से प्रवेश कर रहे चार पहिया वाहन... चरमराई ट्रेफिक व्यवस्था



राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों विभिन्न पर्व एवं त्यौहारों की श्रृंखला बनी रहने से शहर के बाजार में बड़ी संख्या में आगमन बना हुआ है। वर्तमान में रक्षा बंधन त्यौहार तत्पश्चात श्रीकृष्ण जन्माष्ठमी तीजा - पोला, खम्हर छठ, श्री गणेश चतुर्थी आदि पर्वों की श्रृंखला है। इन पर्वों में खरीदी के लिए शहर सहित आसपास के गांव कस्बों व यहां तक कि दूसरे शहरों से भी लोगों का आना जाना बना हुआ है जिससे शहर के मुख्य मार्केट सहित अन्यान्य लेनों में भीड़ का आलम बना हुआ है।

चूंकि लोग अपने दुपहिया-चार पहिया वाहनों के साथ शहर के भीतरी भागों में धड़ल्ले से प्रवेश कर जा रहे है। उससे जहां तहां जाम की स्थिति बन रही है। खास कर पर्व एवं त्यौहार चलते के हलवाई लाइन भारत माता चौक, सदर बाजार, सिनेमा लाइन, मानव मंदिर चौक जयस्तंभ चौक रोड, महावीर चौक रोड, कुम्हार पसरा आदि क्षेत्रों में लोगों की काफी भीड़ का आलम है। लोगो के अपने वाहनों के साथ बाजार में धडल्ले से प्रवेश कर जाने से और भी स्थिति सोचनीय हो जा रही है। इन्हें कोई रोकने टोकने वाला नहीं होने से लोगों को जाम में फंस कर छटपटा कर रह जाना पड़ रहा है।

बता दे कि भारत माता चौक में यातायात विभाग द्वारा चारपहिया वाहनों का प्रवेश निषेध बोर्ड भी लगा दिया जाता है। इसके बाद भी ट्रेफिक पुलिस के रहते हुए लोग अपने वाहनों के साथ बाजार में धडल्ले से प्रवेश कर जा रहे है जिससे लोगों को जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। लोग घंटोंजाम में फसकर रह जा रहे है। चरमराई यातायात व्यवस्था बता दे कि पर्वों एवं त्यौहारों के समय यातायात विभाग द्वारा ट्रेफिक व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए अतिरिक्त रूप से यातायात जवानों की व्यवस्था देखने में नहीं आती। इससे चौक-चौराहों सहित शहर के भीतरी भागों में जाम की स्थिति निर्मित होने से इससे छुटकारा लाने वाला कोई ट्रेफिक सिपाही नजर नहीं आता। खासकर मुख्य मार्केट गोल बाजार, शनि मंदिर रोड, मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाईन व जयस्तंभ चौक से महावीर चौक तक यही स्थिति बनी रहती है। गंज लाइन,में लोड- अनलोड होती ट्रके व व्यस्ततम मार्ग गुड़ाखू लाइन, सिनेमा लाइन, शनि मंदिर तिराहा व गोल बाजार रोड सहित आजाद चौक रोड आदि जगहों में दुकानदारों द्वारा अपने सामान सड़क तक फैला दिए जाने से न तो पार्किंग के लिए जगह बचती और पैदल आवाजाही के लिए पर स्थान बच पाता है। इससे इन मार्गों में यातायात जाम की नौबत आते रहती है। ऐसे हालात में कभी कभार ही यातायात पुलिस की सायरन बजाती गाडियां भीड़ को चीरते हुए गुजर जाती है। न तो भीड़भाड़ वाले लाइनों को वन-वे मार्ग किया जाता है और न पर्व- त्यौहारों में ट्रैफिक पुलिस की संख्या बढाकर यातायात व्यवस्था की पटरी पर लाने के लिए कुछ खास किया जाता है। लिहाजा यातायात जाम में फंसे लोगों को छटपटाने के सिवा और कोई चारा नहीं रह जाता। शहर की कभी न सुधरने वाली चरमराई यातायात व्यवस्था शहर की नियति बनी हुई है।

## कलस्टर बनाकर विभिन्न आजीविका गतिविधियां प्रारंभ करें - कलेक्टर



### आजीविका गतिविधियों को प्रोत्साहन एवं विभागीय अभिसरण हेतु विभाग एवं बिहान सामुदायिक संवर्गो का एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत लखपति दीदी पहल में स्व-सहायता समूह सदस्यों द्वारा आजीविका गतिविधियों को प्रोत्साहन एवं विभागीय अभिसरण हेतु विभिन्न विभाग एवं बिहान अंतर्गत सामुदायिक संवर्गो का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने समूहों की आजीविका गतिविधियाँ बढ़ाने हेतु सभी विभागों को कलस्टर बनाकर विभिन्न आजीविका गतिविधियां प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने विभिन्न विभागों की योजनाओं में चयनित संभावित लखपति दीदी सदस्यों को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी विकासखंडों को समूहों की आजीविका गतिविधि बढ़ाने के लिए सेंट्रिंग प्लेट, टेंट हाऊस, अगरबत्ती यूनिट, बेकरी, पोल्ट्री, बकरी पालन, मछली पालन आदि से जोड़कर अधिक से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने कहा।

कार्यशाला में सामुदायिक संवर्गो द्वारा संभावित लखपति दीदी हेतु चयनित सदस्यों से प्राप्त मांगों को विभिन्न विभागों के समक्ष रखा गया एवं संबंधित विभाग के उपस्थित अधिकारियों द्वारा विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का लाभ लेने हेतु विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया।

## पहला कॉलम...

### किसान नेता अशोक चौधरी ने अपने परिवार के बच्चों के साथ एक पेड़ मां के नाम फार्म हाउस में लगाया



राजनांदगांव (दावा)। किसान नेता अशोक चौधरी ने अपने परिवार के बच्चों के साथ एक पेड़ मां के नाम अपने बांकल स्थित फार्म हाउस मे लगाया सभी बच्चों ने एक-एक पेड़ लगाए परिवार के सभी सदस्यों के नाम से कुल 21 पेड़ लगाए गए।

श्री चौधरी ने सभी किसान भाईयों से आग्रह किया कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए अपने-अपने खेतों में आम कटहल अमरूद और अन्य फलदार वृक्ष तथा पीपल बड़ नीम बेल जैसे औषधि पेड़ भी लगाकर अन्य लोगों को भी प्रेरित करें।

### रक्षाबंधनः सनातन संस्कृति संरक्षण संवर्धन का महापर्व - द्विवेदी



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय सनातन संस्कृति के सर्व सामाजिक पर्व परंपरा के पावन पर्व रक्षाबंधन के अतिशय महत्वा परिप्रेक्ष्य में नगर के संस्कृति विचार प्रज्ञ डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने समसामयिक आह्वान, चिंतन में बताया कि मूलतः रक्षाबंधन सनातन संस्कृति-संरक्षण-संवर्धन का अनुपम महापर्व है। सहज-सरल रूप में श्रावण मास पूर्णिमा तिथि पर बहनों द्वारा भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र-बंधन कर विषम परिस्थितियों में उनकी संरक्षा एवं उज्जवल -खुशहाल भविष्य की कामना की जाती है। उल्लेखनीय रूप से यह पर्व सदा-सर्वदा काल से संपूर्ण देश-धरती में परस्पर प्रेम, सदभाव, विश्वास, रक्षा, संबंधों की पवित्रता, त्याग, बलिदान,वीरता और अद्मय साहस के उत्कृष्ट उदाहरण और जीवंत गाथाओं से जुड़ा हुआ है। वस्तुतः श्रावण पूर्णिमा का रक्षाबंधन पर्व की महिमा-महत्ता असीम है। सर्व जन-गण में आपसी प्रेम-शांति-सद्भाव को बढ़ावा एवं परस्पर रक्षा-संरक्षा के लिए संकल्पित करने वाला यह महापर्व सभी को हमारी अखिल विश्व में अद्वितीय भारतीय सनातन संस्कृति की गौरवशाली परंपराओं को और अधिक सुदृढता से जीवंत बनाये रखने की अद्भुत अभिप्रेरणा भी देता है। आइये पवित्र-प्रेम-विश्वास-संरक्षा की श्रेयस्कर चेतना जागृत करने वाले रक्षाबंधन पर्व के संदेश को समग्र रूप से महिला सम्मान रक्षा एवं संस्कृति संरक्षण-संवर्धन के लिए मन-प्राण आत्मसात करने हेतु संकल्पित हों।

### श्रीमति प्रभा निर्मला दास रामटेके का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। श्रीमति प्रभा निर्मला दास रामटेके निवासी वार्ड न. 02 का आकस्मिक निधन दिनांक 17 अगस्त दिन शनिवार रात्रि लगभग 8 बजे हो गया। इनकी शवयात्रा इनके निवास स्थान वार्ड नं. 2 से आज दोपहर 12 बजे निकाली गई।

## घरेलू एवं नई प्रजातियों की चिड़िया की खोज में निकले राजनांदगांव के पर्यावरण प्रेमी



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम-लाटाटोला, टप्पा में बर्ड वाल्क का आयोजन 18 अगस्त को सुबह 6 बजे किया गया। इस आयोजन में अलग-अलग चिड़िया की प्रजाति जैसे कि ब्लैक-रम्पड वुडपैकर, कॉमन आयोरा, पेंटेड फ्रैंकोलिन, कॉमन हॉक कुकु, टिकल्स-ब्लू फ्लाईक्तचेर, पेल-बिल्ड फ्लोवेरपेकर, इंडियन पैराडाइस फ्लाईक्तचेर, वाइट-थ्रोअटेड किंगफ़िशर, रेड वेंटेड बुलबुल, इंडियन रोबिन आदि को देख गया। अन्य जीवों में रॉक अगामा, बुल फ्रॉग का बच्चा, और अन्य किस्म की तितलियों का भी विशलेषण किया गया।

फारेस्ट रेंज अफसर द्रोपती जी ने पेड़-पौधों के बारे में जानकारी दी, और उनकी विशेषताओं के बारे में बताया, जो हमारे दैनिक जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस आयोजन में राजनांदगांव की फारेस्ट रेंज अफसर श्रीमती द्रोपती ठाकुर, तरणदीप अरोरा, अनिरुद्ध जैन, मोहित मुदलियार, देवाशीष झा, सोमेंद्र साव, दुष्यंत जी सम्मलित थे और पर्यावरण के प्रति अपने ज़िम्मेदारियों को समझकर यह कार्य में अपना योगदान दे रहे है। आयोजन के संचालक सौरव कुमार मेहरा ने लोगों को पर्यावरण और चिड़िया के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।



## संत शिरोमणि श्री गोस्वामी तुलसीदास जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक

डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम पंचायत अछोली में आयोजित गोस्वामी तुलसीदास जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम में रामकथा में लीन समस्त श्रोतागणों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी मध्यकालीन हिंदी साहित्य के महान रामभक्त कवि थे।

उन्होंने रामचरित मानस और हनुमान चालीसा जैसे विश्व प्रसिद्ध जैसे ग्रंथों की रचना की है। इन्हें आदिकाव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जी का अवतार भी माना जाता है और साथ ही कहा कि राम रस में मग्न होकर कथा श्रवण कर मन आंनदित हो जाता है हमारे सांसरिक जीवन मे इस प्रकार राम कथा रामलीला कृष्ण लीला का कथा श्रवण कर हमें अपने आचरण में उतारना चाहिए साथ ही हमे आने अंदर की बुराइयों को मिटाना चाहिए। इस गरिमामयी कथा पंडाल में उपस्थित चुम्मन साहू महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, श्रीमति लता साहू महिला ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस, योधन साहू, समस्त कार्यकर्ता एवं आयोजक समिति रामखिलावन दुबे, बजरंग साहू, राजेंद साहू सहित समस्त आयोजकगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## श्रमिक पंजीयन नवीनीकरण 31 दिसम्बर तक

राजनांदगांव (दावा)। श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिनकी पंजीयन वैधता अवधि समाप्त हुए 1 वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका है तथा उनके पंजीयन नवकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है, ऐसे निर्माण श्रमिक 31 दिसम्बर 2024 तक पंजीयन नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि मण्डल अंतर्गत अधिसूचित 60 प्रवर्गो में निर्माण श्रमिक पंजीकृत है। मंडल में अधिसूचित प्रवर्गो अंतर्गत निर्माण श्रमिक द्वारा किए गये पंजीयन व नवकरण की निर्धारित वैधता अवधि 5 वर्ष होती है। श्रमिक वैधता समाप्ति से 1 वर्ष के भीतर पंजीयन व नवीनीकरण हेतु आवेदन कर सकते हैं। निर्माण श्रमिक निर्धारित तिथि तक प्रत्येक माह आयोजित शिविरों के माध्यम से पंजीयन नवकरण करा सकते है। साथ ही जिले में संचालित श्रम संसाधन केन्द्रों के माध्यम से भी श्रमिक पंजीयन नवकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है।

## पनेका में जिला स्तरीय वृहद वृक्षारोपण



राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम पंचायत पनेका में आयोजित जिला स्तरीय वृहद वृक्ष रोपण में कार्यक्रम में सांसद संतोष पाण्डेय पहुंच कर वृक्षारोपण किया साथ मे जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू जिला पंचायत सदस्य अशोक देवांगन सांसद प्रतिनिधि विवेक साहू जिला भाजपा उपाध्यक्ष लीलाधर साहू, भाजपा ग्रामीण महामंत्री कृष्णा तिवारी जनपद सदस्य पुष्पा गायकवाड भाजपा मंत्री मोतीलाल देवांगन,रामसिंह पूर्व सरपंच पुष्पा उईके रामदास साहू सरपंच चिराग सेवई बांकल सरपंच गोपाल गायकवाड फरहाद सरपंच लोकेश्वर देवांगन युवा मोर्चा मंत्री शशिकांत गंजीर पूर्व सरपंच सुखुराम साहू भारत पटेल पंच केशरी साहू, इंदु गायकवाड, अभिषेक रामटेके, तुकाराम, सरोज जांगड़े देवबुध, सुखमणि साहू इंद्रकुवर पदम निर्मला मंडले हेमीन बाई कमला बाई कुमारी साहू रामसिंग उइके रामनाथ, और समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार में सभी कार्य प्राथमिकता किया जाएगा सांसद ने लोकसभा चुनाव भरी मतों से समर्थन करने पर ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। सात एकड़ में वृक्षारोपण की प्रशंसा किया पेड़ वृक्ष बनेगा और फल देगा आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। दिनांक 18 अगस्त 2024 को ग्राम पंचायत पनेका जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत पनेका के चारागाह में सांसद महोदय संतोष पांडे द्वारा वृक्षारोपण किया गया साथ ही उन्होंने चारागाह का अवलोकन किया तथा लगाए जाने वाले ग्राफ्टेड वैरायटी के पौधे के बारे में भी जानकारी लिए तथा उनके संरक्षण हेतु ग्राम वासियों महिला समूहों को निर्देशित किया तथा चारागाह में महिला समूह के आजीविका हेतु मछलीपालन एवं अन्य गतिविधि करने प्रोत्साहित किए तत्पश्चात ग्राम पंचायत में जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण के महत्व के बारे में संबोधित किए।

## धरती मां को हरा भरा रखने, स्टेट बैंक द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान



राजनांदगांव (दावा)। पर्यावरण जागरूक का संदेश लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हन एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत आज भारतीय स्टेटस बैंक की मुख्य शाखा द्वारा शहर के बाईपास रोड के समीप वृक्षारोपण अभियान चलाया गाया। जहां उपस्थित लोगों ने एक पेड़ मां के नाम लगाकर धरती माता के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति लोगों को जागरूक किया।

भारती स्टेट बैंक राजनांदगांव की मुख्य शाखा द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शहर के पेन्ड्री बाईपास रोड के समीप कार्यक्रम का आयोजन करते हुए विभिन्न प्रजातियों के 200 पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पौधे लगाकर पर्यावरण जागरूकता का संदेश देने के साथ ही जाल और जीवन के लिए आवश्यक वृक्षों का महत्व बताया। पेन्ड्री बाईपास क्षेत्र में आयोजित एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम में स्टेट बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक वरुण शुक्ला, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अतुल चोपड़ा, नरेश बैद, रणविजय सिंह, पार्षद गगन आईच, पार्षद विनय झा सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी शामिल हुए।

### मां का आंचल और पेड़ की छांव में जीवन का सुकून

इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक वरूण शुक्ला ने कहा कि वृक्ष भी मां के आंचल की तरह होते हैं, मां का प्यार और एक पेड़ की छांव, जीवन भर शीतलता की सूकुन का अहसास कराते हैं।


dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में

रोजाना 4 खेलों में

समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

मोहन सुन्दरानी प्रस्तुत

का इही ला कइथे मया

छत्तीसगढ़ी भाषा में

कलाकार - मन कुरैशी ईशिका यादव, हेमलाल कौशल , पुष्पेन्द्र सिंह, प्रदीप शर्मा, उपासना वैष्णव आदि

पारिवारिक, सुमधुर गीत एवं संगीत से परिपूर्ण




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

Paytm book my show

SILVER SCREEN MULTIPLEX

17th Aug to 22nd Aug 2024




Stree 2 - 12:00, 12:30, 03:00, 03:30, 06:00, 06:30, 09:00 & 09:30 pm

Vedaa - 03:15 & 06:15 pm

Khel Khel Mein - 12:15pm & 9:15pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200


## स्टेशनपारा में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय स्टेशनपारा वार्ड क्रमांक 12 (सोलाखोली) में स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगाँठ हर्षोल्लास से मनाई गई। सर्वप्रथम प्रातः मखियार समाज के यशस्वी अध्यक्ष संजू बघेल के नेतृत्व में समाज के वरिष्ठ जनों के करकमलों से ध्वजारोहण किया गया।

तदोपरांत संध्या समय वार्ड के मेधावी बच्चें जिन्होंने खेल, नृत्य, कला, शिक्षा एवं अन्य गतिविधियों में वार्ड एवं शहर को गौरान्वित किया है, उन्हें सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल प्रमुख नन्दूराम एवं अनूप श्रीवास अतिथि के रूप में ससम्मान उपस्थित हुए। उनके द्वारा वार्ड के बच्चों को प्रोत्साहित किया गया।

ज्ञातव्य है कि स्टेशनपारा वार्ड में मखियार समाज के अध्यक्ष संजू बघेल जी एवं उनकी कार्यकारिणी द्वारा समय-समय पर समाजोन्मुखी विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाते है जिसकी प्रशंसा पूर्व में राजनांदगांव नगर निगम आयुक्त रहें श्री चतुर्वेदी जी भी कर चुके है। उक्त कार्यक्रम में संरक्षक रामशरण रगड़े, सूरज सोनटक्के, नँद सोनवानी, मधुकर रणसुरे, रमेश सागरवंशी एवं वार्ड के सभी उत्साही लोगों का अभूतपूर्व योगदान रहा।

## राष्ट्रीय स्तरीय संगीत प्रतियोगिता में युगांतर का श्रेष्ठ प्रदर्शन



राजनांदगाँव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने कृष्णा पब्लिक स्कूल भिलाई द्वारा आयोजित प्रज्ञोत्सव नेशनल कल्चरल एक्स्ट्रावेगेन्जा के ग्रुप बैंड(ऑर्केस्ट्रा) प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है। युगांतर के बारह बच्चों की टीम ने ग्रुप बैंड में प्रथम तथा एकल वादन(तबला) में प्रत्यूष गेडाम ने प्रथम स्थान अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इन बच्चों ने वरिष्ठ संगीत शिक्षक गोपी पटेल के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि हासिल की।

इसी तरह युगांतर के 14 बच्चों की टीम ने सामूहिक गीत प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। बच्चों ने नव नियुक्त प्रतिभाशाली संगीत शिक्षक टी विशाल द्वारा संगीतबद्ध गीत तथा संगीत शिक्षिका आकांक्षा चतुर्वेदी के सहयोग से यह उपलब्धि हासिल की।

इन बच्चों ने अपनी शानदार गायन कला को प्रस्तुत कर खूब तालियाँ बटोरी। इन्हें गणमान्य अतिथियों ने स्मृति चिन्ह तथा सर्टिफ़िकेट प्रदान कर सम्मानित किया। इन बच्चों को संगीत शिक्षिका लवली पाल तथा संगीत शिक्षक अक्षय केहरि का भी परस्पर सहयोग और मार्गदर्शन मिला।

विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी सहित युगांतर परिवार ने इन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

### चन्द्रकांत सिंह कल्चुरी का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। सेवानिवृत्त सहायक जिला शाला निरीक्षक एवं प्राचार्य चन्द्रकांत सिंह कल्चुरी जी दिनांक 18 अगस्त 2024 समय दोपहर 2:30 बजे निधन हो गये। वे डॉक्टर आलोक कलचुरी के पिता है। उनकी अंतिम यात्रा आज 19 अगस्त को सुबह 9:30 बजे उनके निवास स्थान आदर्श नगर डोंगरगढ़ से चौथना मुक्तिधाम डोंगरगढ़ के लिए निकलेगी।

# रक्षाबंधन : आज रंगबिरंगी राखियों से सजेगी भाईयों की कलाईयां

राजनांदगांव (दावा)। श्रावण मास की पूर्णिमा को आज भाई-बहनों के पवित्र प्रेम-प्यार व अटूट स्नेह बंधन का पर्व रक्षा बंधन धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। आज बहने अपने प्यारे-प्यारे भाइयों के हाथों पर रक्षा सूत्र बांधकर अपनी रक्षा का वचन लेते हुए जुग-जुग जिए मेरे भैया की कामना करेगी। थाली में आरती सजा कर भाइयों के माथे पर अक्षत-रोली से तिलक कर माथे को चूमते हुए उनका मुंह मीठा कराएगी और मन ही मन गुनगुना उठेगी 'मेरे भैया... मेरे चंदा.. मेरे अनमोल रतन... तेरे बदले जमाने की कोई चीज न लूँ...। वास्तव में भाई... बहनों के अटूट-प्रेम व स्नेह बंधन का पर्व राखी इस धर्मप्राण देश में हजारों साल से मनता चला आ रहा है। इसके कई धार्मिक व पौराणिक किस्से व कहानिया है। सबसे पावन कहानी भगवान श्रीकृष्ण व कृष्णा (द्रोपदी) की है। महाभारत की उक्त घटना को दिलों में संजाए हुए भारतीय समाज आज भी श्रावण मास की पूर्णिमा को यह भाई-बहनों के पवित्र प्रेम वाला पर्व रक्षा-बंधन दीर्घ काल से मनाते चला आ रहा है।

### भद्रा की साया

कहा जाता है कि प्रत्येक अच्छे काम में कुछ न कुछ अवरोध बना रहता है। रक्षाबंधन के पुनीत पर्व के दिन आज 19 अगस्त को सुबह से ही भद्रा का साया अवरोधक बना हुआ है। एसी मान्यता है कि भद्रा के साये में कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता ,, अशुभ होता है। नगर के ज्योतिषाचार्य दिवाकर बाजपेयी ने बताया कि रक्षाबंधन पर भद्रा सुबह 5.33 से शुरू होगा जो दोपहर 1-32 रहेगा। इसके बाद ही राखी बांधने का मुहुर्त शुरू हो रहा है। उन्होंने बताया कि बहने अपने भाइयों को डेढ़ बजे के बाद रात में 9 बजकर 8 मिनट के बीच कभी भी राखी बांध सकती है। उन्होंने बताया कि इस साल रक्षाबंधन श्रावण मास के अंतिम सोमवार को पड़ रहा है। वही इस दिन नदी-सरोवरों में श्रावणी, स्नान-ध्यान, दान पूण्य-पूजन, अर्चन का भी खासा महत्व है। ऐसा करने से न केवल पूण्य की प्राप्ति होती है घर परिवार में सुख-शांति व खुशहाली का मार्ग प्रशस्त होता है।





पर्व को लेकर सजा बाजार रक्षाबंधन पर्व को लेकर शहर का बाजार पखवाड़े भर से सजा हुआ है। शहर के मुख्य मार्केट गोल बाजार सहित विभिन्न चौक-चौराहो व लाइनों में एक से बढ़कर एक रंग-बिरंगी राखियां की दुकाने सजी हुई है। जहां माताए बहने व खासकर युवतियां द्वारा अपने मनपंसद राखियां खरीदी कर रहीं है। कुछ बहनों ने पखवाड़े भर पहले से राखियां खरीद कर डाक के माध्यम से अपने दूर स्थित भाईयों को भेज चुकी है। अब तक तो राखियों उनके भाइयों तक पहुंच भी गई होगी। जिसे पाकर भाई खुश हो रहा होगा।

**0 भद्रा की साया हटते ही हर्षोल्लास से मनेगा राखी का त्यौहार**
**० कपड़े. सर्राफा, सौंदर्य प्रसाधन गिफ्ट आइटम का बाजार हुआ गुलजार**

बता दें कि शहर के विभिन्न स्थानों में सजी रंग-बिरंगी राखियों की दुकाने जगमग करती हुई अभी भी लोगों को आकर्षित कर रही है। श्रावण के महिने में रक्षा बंधन पर्व के साथ शहर का बाजार गुलजार बना हुआ है। रक्षाबंधन पर्व के चलते कपड़े-लत्ते की दुकान सौंदर्य प्रसाधन की दुकाने व गिफ्ट आइटम की दुकानों मे भीड़ दिखाई पड़ रही है। इस बार राखियों की दुकानों में फैसी राखियों की भरमार है। विभिन्न व्हेरायटियों की राखियां लोगों को आकर्षित कर रही है। बाजार में सोने चांदी व जड़ी नगर वाली महंगी राखी भी मौजूद है वहीं महिला समूह की बहनें बाजार में चांवल गेहूं गोमल आदि की राखियां लेकर आई हुई है। बच्चों में मिक्की माउस, डोरेमेन, छोटा भीम, नोबिता आदि राखियां पसंद की जा रही है जिनकी खासी डिमांड भी बनी रही।

### बस ट्रेनों में भीड़

रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए बस, ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। राखी बांधने, बहन अपने ससुराल से अपने भाई के घर आने के लिए इन्ही परिवहन साधनों का उपयोग कर रही है। कई बहना अपने पति या रिस्तेदारों के साथ दुपहिया या चार पहिया में सवार होकर अपने भाइयों के घर जा रही है। जिससे मायके में हसी-खुशी का माहौल बना हुआ है। बहना अपने परिचितों रिस्तेदारों से मिल कर काफी प्रसन्नता का अनुभव कर रही है। बता दे कि इन दिनों कुछ ट्रेनों के रद्द होने से यात्री बसों में ज्यादा भीड़ बढ़ी हुई। विगत तीन-चार दिनों से बसों में खचाखच के हालात बने हुए है। यात्री बसों में अभी यह स्थिति तीजा-पोला तक देखी जा सकती है। बहरहाल पर्व के मद्दे नजर लोगों का आवागमन बनी रहने से बस ट्रेनों के साथ-साथ बाजार भी गुलजार बना हुआ है। रक्षा बंधन में भाइयों को मुंह मीठा कराने बाजार में मिठाइयां की जमकर खरीदारी हो रही है। वही नारियल से लेकर केला-सेब व अन्य मौसमी फल भी जमकर खरीदी जा रहे है। शहर के वस्त्र भंडार से लेकर सर्राफा बाजार गिफ्ट आईटम की दुकाने व सौंदर्य प्रसाधन, ब्यूटी पार्लर की दुकानों में भी अच्छा रश देखा जा रहा है। कुल मिलाकर देखा जाय तो आज श्रावण का अंतिम सोमवार होने की? वजह? से शिव पूजन की बयार व नदी सरोवरों में श्रावणी स्नान व दान पूण्य का नजारा देखने में मिलेगा वहीं रक्षाबंधन पर चहुं ओर बिखरी खुशियां से पर्व का इन्द्रधनुषी रंग बिखरा हुआ नजर आएगा।

# शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को भविष्य एवं कैरियर के प्रति जागरुक करें शिक्षक - मधुसूदन यादव

**वेदांग पब्लिक स्कूल सांकरा के आयोजन में शामिल हुए पूर्व सांसद मधुसूदन**



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षकों को चाहिए कि वे स्कूली शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को भविष्य एवं कैरियर के प्रति भी जागरूक करें। इस शाला में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कारों एवं कला की शिक्षा भी दी जा रही है और उनके बहुमुखी विकास की आधारशिला रखी जा रही है। उक्ताशय के विचार चक्रधर कत्थक कल्याण केंद्र द्वारा संचालित वेदांग पब्लिक स्कूल सांकरा राजनांदगांव में पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव द्वारा व्यक्त किए गए। उनके द्वारा शाला मैदान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। इसके उपरांत उन्होंने संस्था के होनहार छात्र-छात्राओं को अपने हाथो से सम्मानित एवं पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर चक्रधर कल्याण केंद्र के सचिव डॉक्टर कृष्ण कुमार सिन्हा ने भी बच्चों को अपने आशीर्वचनों से प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। शाला परिवार की ओर से संचालक तुषार सिन्हा, प्राचार्य श्रीमती गीतांजलि मैडम शिक्षक सर्वेश्वर दास, मीना साहू, रागिनी साहू, सहायक स्टाफ सरजू साहू, कल्याणी देशमुख, युगांतर सिंह एवं शाला के विद्यार्थी एवं पालकगण उपस्थित रहे। पूर्व सांसद की मौजूदगी में शाला के विद्यार्थियों के द्वारा राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विजेता प्रतिभागियों को पूर्व सांसद के हाथों पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के नाम इस प्रकार हैं नर्सरी में हुमान्य गायकवाड, कुशांक, वेदिका, के.जी.1 में रियांश बघेल, जीवा साव, तुवीक्ष, के.जी. 2 में पाखी गायकवाड, मौली वैष्णव, रेशमी, खुशी, भाविका, कक्षा 1 में दिप्ती, दिशा, प्रियांश, अनय, भावया, कक्षा 2 में गीताश्री, टियाशा, लवन्या, नित्या, लव्यांश, कक्षा 3 में सादगी साहू, रूपाली निषाद, तनुष्का, कक्षा 4 में नियती , नम्रता, तुषिका, कक्षा 5 में याश्मिता साहू, दिव्यांश साहू, कक्षा 6 में अनुज, वैष्णवी, कक्षा 7 मे चार्वी एवं भावेश को पुरस्कृत किया गया।

# पेरिस ओलम्पिक में पर्यवेक्षक फिरोज अंसारी का होगा नागरिक अभिनंदन



राजनांदगांव (दावा)। उज्जैन की तर्ज पर निकलने वाली महाकाल चंद्रमोलेश्वर भगवान की पालकी यात्रा का स्वागत गंज लाइन में हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। शहर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने बताया कि जिसमें विगत माह आयोजित पेरिस ओलम्पिक में छत्तीसगढ़ व जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुए थे। यह छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है कि अंसारी इसके पूर्व 2012 में लंदन ओलम्पिक, 2014 में पुरूष वर्ल्ड कप हॉलैण्ड, 2018 में महिला वर्ल्ड कप 2018 मे रियो ओलम्पिक व 2023 में 19वीं एशियन गेम्स हन्गुजू (चाईना) में भी पर्यवेक्षक के रूप में भाग ले चुके है। पैरिस मे भारतीय हॉकी टीम ने ऐतिहासिक काँस्य पदक जीत कर पुरे देश को गौरवान्वित किया है। फिरोज अंसारी को इस उपलब्धि पर हॉकी टीम के प्रतिनिधि के रूप महाकाल सेना के प्रमुख पवन डागा के नेतृत्व में कल 19 अगस्त को शाम 5 बजे गंज चौक राजनांदगांव में फ़िरोज़ अंसारी का सम्मान किया जाएगा।

**० महाकाल सेना करेगी सम्मान**
**० अंतर्राष्ट्रीय पटल पर बढ़ाया राजनांदगांव का मान**

# पशुओं को बिना चारा पानी के कत्ल खाना ले जाते ट्रक को किया जप्त



खैरागढ़ (दावा)। पशुओं को बिना चारा पानी के कत्ल खाने ले जाते टक को जप्त किया जप्त। शनिवार 17 अगस्त को पुलिस को रात्रि गस्त ड्यूटी के दौराना मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ,कि ग्राम चकनार के आगे कुछ दूरी पर कुछ व्यक्ति चार पहिया वाहन में मवेशियों को बंद गाडी में निर्दयता पूर्वक मारपीट कर ठुस-ठुसकर वाहन में कत्लखाना ले जाने के लिये भर रहे है,कि सूचना मिलने पर वरिष्ठ अधिकारीयों को अवगत कराया गया।

पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई त्रिलोक बसंल (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय के निर्देशन पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़/गंडई लालचंद मोहले के दिशा निर्देश में निरीक्षक भीमसेन यादव थाना प्रभारी गंडई के नेतृत्व में थाना गंडई से टीम तैयार कर सूचना तस्दीक हेतु मौके पर रवाना हुआ जहां तीन व्यक्ति एक बंद वाहन में जानवरो को कत्ल खाना ले जाने के लिये ठुस-ठुसकर भर रहे थे। जो पुलिस पार्टी को देखकर जानवारो से भरे हुये वाहन वाहन क्र. एमएच-31/ईएन 0699 (अशोक लीलैण्ड छोटा ट्रक बंद वाहन) को छोडकर तीनो व्यक्ति भाग गये।। वाहन को चेक करने पर वाहन के अंदर में 04 नग सफेद रंग की गाय, 04 नग सफेद रंग की बछिया, 02 नग लाल रंग का बछवा, 04 नग लाल रंग की बछिया एवं 01 नग काला सफेद रंग की गाय मिला जिसे जप्त कर सुरक्षार्थ रखा गया है व चालक एवं अन्य दो व्यक्ति के विरूद्ध धारा 4,6,10 छग कृषिक पशु परीक्षण अधिनियम 2004 धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 का अपराध घटित करना पाये जाने से अपराध क्र. 189/24 पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर तीनों फरार आरोपियों का पता तलास किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक महेन्द्र टंडन, शंकर लाल टंडन, सउनि सुरेश वर्मा, धुरवाराम नागवंशी, प्रधान आरक्षक सुन्दरूराम चन्द्रवंशी, आरक्षक अर्जुन वर्मा, केशव जंघेल, यशवंत राजपूत, रविन्द्र मरकाम की सराहनीय भूमिका रही।

**15 नग गाय, बछवा, बछिया को कीमती 60,000 रू को किया जप्त**

## दिव्यांग उद्यमियों ने किया हस्तकला उत्पादों का प्रदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर में 16 से 22 अगस्त तक आयोजित दिव्य कला मेला में दिव्यांग उद्यमियों के शिल्प कौशल को बढ़ावा देने के लिए एक खास प्रदर्शनी लगाई गई है। इस मेले में राजनांदगांव जिले के दिव्यांग उद्यमी ममता चंद्रवंशी और दिव्यांग ऋषि मिश्रा ने अपने हस्तकला उत्पादों का प्रदर्शन किया है। सहयोगी के रूप में यामिनी साहू, प्रीति जांगड़े, अंजलि, करण कुमार और चैन सिंह का सराहनीय योगदान रहा हैं। इस आयोजन का उद्देश्य दिव्यांग उद्यमियों की कला और शिल्प को बढ़ावा देना और उनके हुनर को समाज के सामने लाना है।

# लोक सेवक भर्ती में फर्जीवाड़ा संविधान पर हमला : राहुल



नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार लोक सेवकों की भर्ती लोक सेवा आयोग की बजाय राष्टीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के जरिए कर रही है और यह फर्जीवाड़ा होने के साथ ही संविधान पर हमला भी है।

श्री गांधी ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी संघ लोक सेवा आयोग की जगह 'राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ' के ज़रिए लोक सेवकों की भर्ती कर संविधान पर हमला कर रहे हैं। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में महत्वपूर्ण पदों पर लेटरल एंट्री के ज़रिए भर्ती कर खुलेआम एसटसी, एसटी और ओबीसी वर्ग का आरक्षण छीना जा रहा है।

उन्होंने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि टॉप ब्यूरोक्रेसी समेत देश के सभी शीर्ष पदों पर वंचितों का प्रतिनिधित्व नहीं है, उसे सुधारने के बजाय लेटरल एंट्री द्वारा उन्हें शीर्ष पदों से और दूर किया जा रहा है। यह यूपीएससी की तैयारी कर रहे प्रतिभाशाली युवाओं के हक़ पर डाका और वंचितों के आरक्षण समेत सामाजिक न्याय की परिकल्पना पर चोट है।

कांग्रेस नेता ने कहा, चंद कॉरपोरेट्स' के प्रतिनिधि निर्णायक सरकारी पदों पर बैठ कर क्या कारनामे करेंगे, इसका ज्वलंत उदाहरण सेबी है, जहां निजी क्षेत्र से आने वाले को पहली बार चेयरपर्सन बनाया गया। प्रशासनिक ढांचे और सामाजिक न्याय दोनों को चोट पहुंचाने वाले इस देश विरोधी कदम का इण्डिया गठबंधन मजबूती से विरोध करेगा। आईएएस का निजीकरण' आरक्षण खत्म करने की 'मोदी की गारंटी' है।

# दुकान के बाहर बोर्ड पर लगाना होगा जीएसटी नंबर, वरना लग सकता है जुर्माना.... फर्जी फर्मों के खिलाफ अभियान शुरू

रायपुर (दावा)। जीएसटी विभाग द्वारा फर्जी फर्मों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया गया है। 16 अगस्त से शुरू हुआ यह अभियान 15 अक्टूबर तक चलेगा। जीएसटी अफसरों का कहना है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य फर्मों पर कार्रवाई करना है। अभी भी विभाग के पास फर्जी फर्मों की बहुत सी शिकायतें आ रही है।

मालूम हो कि इससे पहले भी मई 2023 में भी जीएसटी चोरों के खिलाफ दो माह का विशेष अभियान शुरू किया गया था। जीएसटी अफसरों का कहना है कि इस अभियान के दौरान जिन प्रतिष्ठानों में आवश्यक दस्तावेज नहीं मिले, उनके खिलाफ टैक्स व जुर्माना दोनों हो सकता है। प्रतिष्ठान के बाहर ही साइन बोर्ड में जीएसटी नंबर नहीं दिखा तो 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

इस वर्ष केंद्रीय जीएसटी द्वारा फर्जी फर्मों के खिलाफ शुरू से ही कार्रवाई की जा रही है और इन आठ महीनों में फर्जी फर्मों के द्वारा आइटीसी का लाभ लेने वाले करीब 18 आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। साथ ही लगभग 350 करोड़ से ज्यादा की जीएसटी चोरी भी पकड़ी जा चुकी है। केंद्रीय जीएसटी द्वारा प्रदेश में बीते सात वर्ष में 75 हजार करोड़ से ज्यादा की जीएसटी वसूली जा चुकी है।

### संस्थान में इन चीजों को रखना अनिवार्य

प्रतिष्ठान में लगे साइन बोर्ड में जीएसटी नंबर लिखा होना चाहिए। जीएसटी का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट होना चाहिए, डिस्प्ले होना चाहिए। जीएसटी रजिस्ट्रेशन के समय लगने वाले सभी प्रूफ होने चाहिए। जीएसटी रिटर्न पेंडिंग न हो, जो भी खरीद-बिक्री हो उसकी भी फाइल बनाएं। अपने मुख्य प्रतिष्ठान के साथ ही कोई गोडाउन भी हो तो उसे भी रजिस्ट्रेशन करें।

### कहीं भी हो सकती है जांच

जीएसटी अफसरों की यह जांच किसी भी प्रतिष्ठान में हो सकती है। हालांकि यह विशेष अभियान फर्जी फर्मों के खिलाफ चलाया जा रहा है कि लेकिन इस अभियान के दौरान जीएसटी अधिकारी अन्य प्रतिष्ठानों पर भी जांच के लिए जा सकते है। इसलिए व्यापारियों को चाहिए कि वे अपने प्रतिष्ठानों में जीएसटी से संबंधित कागजात जरूर रखें।

## सिंघोला में रक्षाबंधन के दिन ब्रहम मुहूर्त में महाकाल हुई भस्म आरती



राजनांदगांव(दावा)। श्रावण पूर्णिमा के अंतिम सोमवार को सिंघोला स्थित श्री चन्द्र मौलेश्वर बाबा महाकाल की ब्रहम मुर्हूत 2:30 बजे भस्म आरती की गई। तत्पश्चात 4:30 बजे पूरे विधि विधान के साथ श्रृंगार आरती की गई। इस दौरान बाबा महाकाल का बेल पत्रों धतुरों फल व कनेर पुष्पों सहित आक के फुलों से श्रृंगार किया गया और भस्म आरती करने के पश्चात श्रृंगार आरती किए जाने के दौरान शंख घड़ियाल डमरू निनाद से वातावरण शिव मय बना रहा है। इस अवसर पर बाबा महाकाल के सेवक पवन डागा, राजू डागा व अन्य भक्तजन उपस्थित रहे।

# सावन के अंतिम सोमवार निकलेगी महाकाल की शाही सवारी

राजनांदगांव (दावा)। पवित्र पुण्य माह श्रवण (सावन), शिव भक्ति का मास माना जाता है। इस वर्ष सावन माह सोमवार से शुरू होकर सोमवार में ही समाप्त हो रहा है कुल पांच सोमवार आ रहे हैं जोकि 72 वर्ष बाद पड़ रहा है। हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार सावन मास के पांच सोमवार पढ़ने वाले वर्ष बहुत ही शुभ, फलदाई और उत्तम होते हैं। इन सोमवारों में भगवान भोले शंकर शिव की विशेष आराधना, अभिषेक, पूजा आदि का फल अति उत्तम प्राप्त होता है। महाकाल मंदिर समिति सिंघोला एवं महाकाल सेना द्वारा विगत कई वर्षो से सावन माह के पढ़ने वाले प्रत्येक सोमवार को पालकी यात्रा का आयोजन करता आ रहा है। पालकी शोभायात्रा संस्कारधानी नगरी के विभिन्न क्षेत्रों से प्रारंभ होकर किसी एक मंदिर में पहुंच विश्राम लेती है। उज्जैन की तर्ज पर प्रारंभ हुई महाकाल की पालकी यात्रा अब छत्तीसगढ़ प्रदेश की पहचान बन चुकी है। राजनंदगांव से निकलने वाली पालकी यात्रा से प्रेरित हो अब प्रदेश के अन्य जिलों में भी यात्रा प्रारंभ हो चुकी है।

### शिव का मिलन शक्ति से होगा

महाकाल भक्त पवन डागा ने एक जानकारी में बताया कि सावन मास के अंतिम पंचम सोमवार 19 अगस्त को दोपहर 03 बजे संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव के माता देवालय, शीतला मंदिर से महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा प्रारंभ होगी, जो नगर भ्रमण करते हुए काली माई मंदिर भरकापारा में विश्राम लेगी। यहां शिव का मिलन शक्ति से होगा।

**0 महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर पालकी माता देवालय शीतला मंदिर से होगी प्रारंभ**

श्री डागा ने बताया कि इस वर्ष पालकी यात्रा में आम जन की भावना को ध्यान में रखते हुए डीजे को शामिल नहीं किया गया है। महाकाल सेना के पदाधिकारियों ने बताया कि पालकी यात्रा में विशेष रूप से झांझ, मंजीरा, ढोल, नगाड़ा और डमरु का प्रदर्शन होगा, वही स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा शिव के अनेक रूप एवं वेशभूषा में हुए अघोरी नृत्य, तांडव नृत्य आदि का प्रदर्शन भी होगा जोकि शोभायात्रा का विशेष आकर्षण होगा। पालकी शोभायात्रा में एक विशाल महाकाल शिव की प्रतिमा भी साथ रहेगी। महाकाल बाबा की पालकी को वहीं लोग हाथ लगा सकेंगे जो धार्मिक मान्यता के अनुरूप पारंपरिक वेशभूषा में होंगे, समिति ने ऐसा निवेदन किया है।



### शाही सवारी का मार्ग

महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा का मार्ग इस प्रकार होगा, नगर देवी माता देवालय शीतला मंदिर से पूजा आरती के पश्चात सोनार पारा, फव्वारा चौक, महाकाल चौक, सिनेमा लाइन, भारत माता चौक, गंज लाइन, गंज चौक, लोहार पारा होते हुए काली माई मंदिर में विश्राम होगी।

### शाही सवारी पालकी शोभायात्रा हेतु सजेगा शहर

श्रावण मास के अंतिम सोमवार को निकलने वाली महाकाल की शाही सवारी हेतु शिव भक्तों में अपार उत्साह है। पालकी यात्रा के मार्ग को सजाया संवारा जा रहा। विशेष रूप से जिस मार्ग से महाकाल बाबा की पालकी शाही सवारी गुजरेगीं उस रास्तों में लाल कार्पेट बिछाया जायेगा।

महाकाल की पालकी जिन रास्तों से गुजरेगी उन मार्गों में अलग अलग समाज के लोग स्वागत पंडाल लगा शिव भक्तों का अभिनंदन स्वागत करेंगे।

### महाकाल बाबा का इतिहास

महाकाल भक्त पवन डागा ने एक जानकारी में बताया कि उज्जैन के महाकाल बाबा आशीर्वाद एवं प्रेरणा ले संस्कारधानी राजनांदगांव के ग्राम सिंघोला में विशाल मंदिर में लगभग 10 वर्ष पूर्व शिवलिंग स्थापित किया गया। स्थापना वर्ष से ही मंदिर की मान्यता बढ़ने लगी और दर्शन हेतु भक्तों का तांता लगने लगा। विशेष रूप से सावन मास में, प्रत्येक सोमवार को भगवान का जलाभिषेक करने सुबह से दर्शनार्थी पहुंचने लगे। उज्जैन मंदिर की तरह भस्म आरती रात्रि के प्रथम पहर की जाती है यहां। मंदिर के अलावा बाबा चंद्रमौलेश्वर महाकाल की एक प्रतिमा (मूर्ति) सन 2021 में लाई गई। जिसकी विधिवत उज्जैन मंदिर में ही प्राण प्रतिष्ठा की पूजा अभिषेक किया गया था। और अब वही प्रतिमा महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर की पालकी नगर भ्रमण में निकाली जाती है। ऐसा माना जाता है कि महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर अपने भक्तों को दर्शन हेतु पालकी में निकलते है। उनके दर्शन मात्र से जीवों का कल्याण हो जाता है। उक्त जानकारी महाकाल पालकी यात्रा के प्रचार प्रसार प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी है।

# महाकाल त्रिशुल का आज महाकाल भक्तों की उपस्थिति में अनावरण

राजनांदगांव (दावा)। महाकाल भक्तों की भावना के अनुरूप नगर निगम द्वारा शीतला मंदिर में भव्य महाकाल त्रिशुल लगाया गया है। जिसका कल 19 अगस्त दिन सोमवार को दोपहर 3 बजे महाकाल भक्तों के बीच महाकाल भक्त पवन डागा द्वारा महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, निगम अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य मधुकर वंजारी एव वरष्ठि पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा की उपस्थिति में अनावारण किया जावेंगा।

महाकाल त्रिशुल अनावरण के संबंध में महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने बताया कि संस्कारधानी के महाकाल चौक (पूर्व मानव मंदिर चौक) में महाकाल का भव्य त्रिशुल लगाने महाकाल भक्तों द्वारा मांग की गयी थी, मांग अनुसार त्रिशुल लगाने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया की गयी, किन्तु व्यस्तम चौक एवं यातायात बाधित होने की बात आने पर उक्त त्रिशुल को सोनार पारा स्थित सिद्धपीठ शीतला माता मंदिर में स्थापित किया गया, जिसका कल सावन मास के अंतिम दिन सावन सोमवार के पावन अवसर पर 19 अगस्त को महाकाल भक्तों की उपस्थिति में महाकाल के परम भक्त पवन डागा के हाथों अनावरण किया जायेगा। महापौर श्रीमती देशमुख ने इस पावन अवसर पर कल दोपहर 3 बजे शीतला मंदिर में पार्षदों, जन प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकार बंधुओं व महाकाल भक्तों से उपस्थिति की अपील की है।

# अनमोल दावा

> सेहत के लिए योग और किसी की जरूरत पर सहयोग दोनों से ही जीवन बदलता है...।

## प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता, विकसित भारत के लक्ष्य को रखा सबके सामने

प्रधानमंत्री ने लाल किले से अपने संबोधन के माध्यम से देश की भावी राजनीति के एजेंडे को स्थापित करने का काम किया। एक तो उन्होंने भ्रष्टाचार से दृढ़ता से लड़ने का संकल्प लिया और दूसरे यह साफ किया कि देश को आए दिन होने वाले चुनावों से मुक्त करने की जरूरत है। पीएम अपने इस तीसरे कार्यकाल में इस एजेंडे को लागू करने के प्रति गंभीर हैं।

स्वतंत्रता दिवस पर लगातार 11वीं बार लाल किले से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह विस्तार से अपने अब तक के शासनकाल की उपलब्धियों को रेखांकित करने के साथ विकसित भारत के लक्ष्य को सामने रखा, उससे यही स्पष्ट हुआ कि वह अपने उस एजेंडे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसका उल्लेख पहले भी कई बार कर चुके हैं।

लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री के अब तक के सबसे लंबे संबोधन से यह भी साफ होता है कि अपने तीसरे कार्यकाल में गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के बाद भी वह अपने लक्ष्य से डिगे नहीं हैं। इसका पता इससे चलता है कि उन्होंने करीब-करीब हर उस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए, जो देश के समक्ष उपस्थित हैं।

उन्होंने आंतरिक और बाहरी चुनौतियों की चर्चा करते समय बांग्लादेश के हालात का भी जिक्र किया और वहां के हिंदुओं एवं अल्पसंख्यकों को लेकर भी अपनी चिंता व्यक्त की। ऐसा करना समय की मांग थी। यह भी उल्लेखनीय है कि उन्होंने एक ओर जहां जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति पर प्रहार किया, वहीं दूसरी ओर कोलकाता की दिल दहलाने वाली घटना को ध्यान में रखते हुए नारी सुरक्षा की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने यह कहकर देश की राजनीति में व्यापक परिवर्तन लाने की भी पहल की कि आने वाले समय में एक लाख ऐसे युवाओं को अपनी पसंद के राजनीतिक दलों में सक्रिय होना चाहिए, जिनके परिवार के लोग पहले कभी राजनीति में न रहे हों। पता नहीं ऐसा कब और कैसे होगा, लेकिन इससे इन्कार नहीं कि भारतीय राजनीति को नए विचारों और नई ऊर्जा से लैस युवा नेताओं की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री ने लाल किले से अपने संबोधन के माध्यम से देश की भावी राजनीति के एजेंडे को स्थापित करने का काम किया। एक तो उन्होंने भ्रष्टाचार से दृढ़ता से लड़ने का संकल्प लिया और दूसरे यह साफ किया कि देश को आए दिन होने वाले चुनावों से मुक्त करने की जरूरत है। उन्होंने जिस तरह एक साथ चुनावों की जरूरत जताई, उससे यही लगता है कि वह अपने इस तीसरे कार्यकाल में इस एजेंडे को लागू करने के प्रति गंभीर हैं।

यह स्वागतयोग्य है कि उन्होंने ऐसी ही गंभीरता समान नागरिक संहिता को लेकर भी दिखाई। उन्होंने जिस प्रकार वर्तमान पर्सनल कानूनों को सांप्रदायिक बताते हुए पंथनिरपेक्ष नागरिक संहिता की जरूरत जताई, उससे इसमें संदेह नहीं रह जाता कि उनकी सरकार इस दिशा में आगे बढ़ने का मन बना चुकी है। यह सही भी है। देश में एक ऐसी समान नागरिक संहिता लागू होनी चाहिए, जिससे हर जाति, पंथ, क्षेत्र के लोगों में यह भाव व्याप्त हो कि वे सब एक हैं। यह भी अच्छा हुआ कि उन्होंने यह महसूस किया कि देश की जनता शासन में सुधार के साथ त्वरित न्याय प्रणाली चाह रही है। इस अभीष्ट की पूर्ति होनी ही चाहिए।

# सुमन की राखी खिल उठी!

– गिरीश बख्शी –



बात साधारण थी, पर बढ़ते-बढ़ते बढ़ गई। अपूर्व ने कहा-''जीजाजी! आपका ये शहर कैसा है?'' जीजाजी चकित से हुए-कैसा है? तुम्हारा मतलब क्या है?''-''यहा कि जगह-जगह कचरे-कूड़े पड़े हैं,। यहॉ रोजाना सफाई नहीं होती क्या? गांधी चौक के कुँए के पास तो...? जीजाजी को बात लग गई-''तो तुम्हारा गॉव क्या नंदन कानन है? जिसे तुम लोग अपने यहाँ सड़क कहते हो, वह तो हमारे यहॉ की गली है। ऐसी सकरी गली, जामे दो न समाय।''

अपूर्व ने हॅस कर कहा- ''पर जीजाजी! हमारे यहॉ की गली साफ-सुथरी प्रेम गली तो है। सब लोग वहॉ मिलजुल कर प्रेम से रहते है। न कहीं मनमुटाव है और न कोई दुराव छिपाव।'' अब तो जीजाजी भड़क उठे-''तुम्हारे मोहल्ले की वो प्रेम एम गली नहीं, कुत्ते गली है। कुत्ते रहते है वहॉ। दिन रात भों...भों... करते रहते हैं।'' सहजभाव से बोल उठा अपूर्व-''यहॉ भी तो कुत्ते है जीजाजी!''

जीजाजी के इसे व्यंग्य समझ लिया। उनके मन के किसी कोने में छिपी क्रोधाग्नि तभी एकदम बाहर धधक उठी-''ऐ साले! तो तू इसारे कूड़े-करकट के शहर में आता क्यों है रे! चल भाग यहॉ से और जा मरने अपनी सकरी गली में।'' ऐसी धधकती हुंकार सुनते ही सुमन दौड़ी-दौड़ी आई-''अचानक ऐसा क्या उरफान हो गया! भौचक हो, इधर-उधर देखते हुई उन्होने पूछा-''अपूर्व कहॉ है जी? मारे क्रोध के पतिदेव अभी तक भमक रहे थे। घृणात्मक स्वर में बोले-''भगा दिया साले को। अब कभी यहॉ कदम मत रखना-कहते हुए धक्के मार कर निकाल दिया। पतिदेव के दर्वासाई क्रोधी स्वभाव से भलाभाति परिचित, सुमन ने स्वर को खूब प्रयत्न से संयत कर कहा-''दो दिन बाद राखी है जी ऐसे में वह अब नहीं आएगा। मुझे अच्छा नही लग रहा।'' पतिदेव ने गरज कर कहा-तो तू कहीं मत जाना, उस साले को राखी बॉधने, उसके गॉव। और अगर कहीं गई न! तो फिर इस घर में मत आना कभी। तेरे लिए भी यहॉ का दरवाजा बन्द हो जायेगा।

सुमन सोच में पड़ गई-''ये दोनों तो अपने अपने अहम को धरे बैठे रहेंगे और मैं.... मैं कैसे रहूँ...क्या करूं? शादी के बाद यह पहली बार होगा कि भैया....मेरा छोटा भैया राखी में यहॉ नहीं आवेगा। और मैं भी उसे राखी बांधने नहीं जा सकूंगी। इन्होने क्रोध की रेखा जो खीच दी है। अब भाई नहीं, तो राखी क्या? ''उन्होने अलमिरे के ऊपर खण्ड में बड़ी उदासीनता से राखी को रख दिया।

राखी के दिन दो पहरी में सुमन को, न तो कुछ खाने को मन किया और न ही कुछ बनाने की इच्छा हुई। वे भीतर कमरे की जमीन पर ही बोझिल मन लिए पड़ गई।

अचानक दरवाजा भड़ भड़ा कर खुल गया। सुमन झुझला उठी-''ये बैसाखिन काम कर घर जाते समय कभी दरवाजे की कुण्डी नहीं लगाती, तो चोट्टी गाय फिर आ घुसी। पर ये क्या आश्चर्य, महान आश्चर्य और सुखद आश्चर्य कि अपूर्व हॅसता हुआ एकदम सामने आ खड़ा हुआ। विस्थित सुमन कह उठी-''अरे! तुम कैसे आ गये?'' अपूर्व ने लहक कर अपनी जिज्जी के पैर छुते हुए कहा-''आज राखी है न जिज्जी, तो मैं राखी बंधाने आ गया।'' सुमन का आश्चर्य अब तक कायम था-''पर तुम्हारे जीजाजी ने तो तुम्हे इस घर में आने से मना किया था ।''अपूर्व ने बड़ी लापरवाही से कहा जीजाजी कौन होते हैं मना करने वाले यहाँ आने को। इस गृह की गृहणी तो आप हो जिज्जी! आपने कहाँ मना किया था?'' तभी ऊपर की सीढ़ी से नीचे उतरते हुए जीजाजी ने बड़े स्नेह से कहा-सुमन! अपूर्व आया है न! ये जानता था, वह जरूर आएगा। मैंने उसके लिए उसकी प्रिय खोवे की जलेबी मंगा रखी है। उस दिन जाने मुझे क्या हो गया था।''अपूर्व ने खुशी-खुशी दौड़ कर अपने जीजाजी के चरण स्पर्श कर प्रणाम करते हुए कहॉ-''पर जीजाजी! मुझे कभी कुछ नहीं होता। मैं अपनी जिज्जी और अपने जीजाजी को छोड़कर कहॉ जा सकता हूॅ।''

# रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य

*ब्रह्मकुमारी पुष्पा बहन*

रक्षाबंधन का त्योहार भारत के प्रमुख त्योहारों में से एक है। यह पारम्परिक रूप से बहनों एवं भाइयों के आपसी स्नेह के रूप में मनाया जाता है। इस दिन बहनें भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती है। माथे पर तिलक देती है तथा मिठाई से भाई का मुख मीठा करती है तथा बदले में भाई उन्हे खर्चा भी देते है। बहनें अपने भाई को राखी बांधकर उससे यह अपेक्षा करती है कि जब कभी बहन पर दुख की घडी अथवा उसकी आन पर आंच आयेगी तो भाई अपनी जान की बाजी लगाकर भी बहन की रक्षा करेगा।

इसके अतिरिक्त हम यह भी देखते है कि रक्षाबंधन के दिन ब्राह्मण लोग भी अपने यजमानों को राखी बांधते है। प्रश्न उठता है कि इस त्योहार की शुरूआत कैसे हुई होगी। ऐतीहासिक दृष्टि से देखें तो राखी की प्रचलित रस्म परम्परागत नहीं लगती। कहा जाता है कि इन्द्राणी ने इन्द्र को राखी बांधी थी और इससे इन्द्र को असुरों पर विजय प्राप्त हुई थी। अब इन्द्राणी और इन्द्र का भाई-बहन का नाता तो नहीं था और इन्द्राणी को रक्षा की भी आवश्यकता नहीं थी। परन्तु यह पवित्रता की प्रतिज्ञा थी। इसको प्राचीन काल में विशतोड़क पर्व भी कहते थे। अतः यदि वह त्योहार भाई द्वारा बहन की रक्षा के संकल्प का ही प्रतीक होता तो आज तक ब्राह्मणोंद्व द्वारा राखी बांधने का रिवाज नहीं चला आता । यदि रक्षा की दृष्टि से गहराई से चिन्तन किया जाये तो देखा जाता है कि कन्याएं छोटे-छोटे अबोध भाइयों को राखी बांधती है। उस स्थिति में यह परंपरा कहां तक लागू होती है। यदि शारीरिक रक्षा का अभिप्राय होता तो कन्या भाई को रक्षा बांधने की बजाये अपने पिता चाचा या मामा को राखी क्यों नहीं बांधती। पिता चाचा या मामा रक्षा क्यों नहीं कर सकते। कन्या अथवा माता की रक्षा करना केवल सगे भाई का ही नहीं बल्कि परिवार के हर एक सदस्य का कर्तव्य है सहोदर होने के कारण तथा स्नेह वश भी हरेक भाई स्वाभाविक तौर पर यह कर्तव्य निभाता है और जो निभाना ही न चाहे या जिसका स्नेह ही न हो वह तो राखी बांधने पर भी रक्षा नहीं करेगा। श्रीमदभागवत में कंस ने अपनी बहन देवकी को मारने के लिये तलवार निकाल ली थी तो स्पष्ट है कि दृष्टि-वृत्ति बदल जाये तो भाई भी कसाई बन जाता है और दृष्टि-वृत्ति ठीक रहे तो कसाई भी भाई बन जाता है। यम के बारे में लोग कहते है कि वह सबको दण्ड देता है। अतः मानव मात्र के लिये वह भयानक है परंतु अपनी बहन यमुना का तो भाई ही है। अतः भाई अपनी बहन की रक्षा के लिये वैसे ही स्नेह-संबंध के कारण बाध्य है तो रक्षाबंधन को शारीरिक रक्षा के लिये एक रस्म मानना विवेक-सम्मत प्रतीत नहीं होता। वास्तव में रक्षाबंधन की शुभ रस्म तो किसी अन्य अभिप्राय से शुरू हुई थी परंतु समयांतर में रक्षा और बंधन शब्द का गलत अर्थ ले लेने के कारण इसका स्वरूप बदल गया। सबसे पहले भूल तो यह हुई कि रक्षा शब्द का अर्थ शारीरिक रक्षा मान लिया गया। इस त्योहार के जो अन्य नाम है उनसे रक्षाका वास्तविक अभिप्राय स्पश्ट हो जाता है। जैसे कि उल्लेख किया गया है कि इसको विषतोडक पर्व पुण्य प्रदायक पर्व भी कहा जाता है।

### आज की परिस्थिति में रक्षाबंधन

समयान्तर में यह त्योहार पवित्रता अथवा धर्म की रक्षा के बजाय शारीरिक रक्षा के लिये मनाया जाने लगा। फिर जब देश पर विधर्मियों तथा विदेशियों ने आक्रमण किये तब विरांगनायें अपने अपने पति को देश की रक्षार्थ रणभूमि में भेजते समय भी उन्हे रक्षासूत्र बांधने लगी ताकि वह दृढ प्रतिज्ञा होकर संग्राम में कूद पडे और पत्नी व संतान के मोह में वहां से भाग न आये। इस प्रकार राखी बांधे जाने से उन वीरों को युद्ध के लिये बहुत प्रेरणा मिलती थी। परंतु आज की परिस्थिति बहुत भिन्न है। आज तो मानव काम, क्रोधादि शत्रुओं से बुरी तरह पीड़ित और आहत है। अतः अब परमपिता परमात्मा शिव जो मानव मात्र के कल्याणकारी और रक्षक है सभी नर-नारियों को पुनः इस आदि रहस्य से राखी बांधते है। अब विश्व के लिये संकट का समय है विकारों की सूक्ष्माग्नि में दुनिया झुलस रही है। अतः अब सृष्टि को इन विकारों रूपी महाशत्रुओं से बचाना है। पवित्रता की प्रविज्ञा की प्रतीक राखी को बांधकर परस्पर भाई-बहन या भाई-भाई की शुद्ध दृष्टि और वृत्ति को धारण करो। इस वास्तविक अर्थ के साथ आज रक्षाबंधन बांधने की जरूरत है।

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी वरदान भवन राजनांदगांव

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 235 : माता कौशल्या ने श्री राम का मुख देखकर ताड़ लिया कि सब कुछ सही नहीं है

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



''भैया सुनिए, रुकिए, बताइए कि हुआ क्या? ऐसी कौन सी आपात स्थिति आ गई, जिसमें ऐसा कठोर निर्णय लिया गया।'' लक्ष्मण जी ने पूछा।

''कोई आपात स्थिति नहीं है लक्ष्मण! यह एक स्वाभाविक निर्णय है और मैं तुम्हें इसके बारे में बाद में जानकारी दूंगा।अभी मैं माता कौशल्या के कक्ष की ओर जा रहा हूं।''

लक्ष्मण जी कुछ देर के लिए रुक गए और विचार करने लगे। अभी एक प्रहर के भीतर ही श्री राम का अयोध्या में महाअभिषेक का कार्यक्रम आरंभ होने वाला है और यह कैसी विचित्र स्थिति आ गई है।

'क्या माता कैकेई ने ऐसा कुछ किया है, जिससे यह विपरीत परिस्थिति निर्मित हुई है?' लक्ष्मण जी ने स्वयं से पूछा।

उन्होंने स्वयं उत्तर दिया, ''ऐसा नहीं हो सकता है, क्योंकि माता कैकेई हम सभी भाइयों से समान प्रेम करती हैं और राम भैया के प्रति तो उनका स्नेह सबसे बढ़कर है।''

इधर श्री राम माता कौशल्या के कक्ष में पहुंचे। पीछे- पीछे लक्ष्मण जी भी वहां पहुंचे। उन्होंने माता के चरण स्पर्श किए। माता का हृदय अद्भुत होता है। वह अपने पुत्र के मनोभाव तुरंत पढ़ लेती है। श्री राम के मुख पर वनवास की बात सुनकर कोई चिंता या दुख की कोई रेखा नहीं थी लेकिन माता कौशल्या ने यह देख लिया कि अभिषेक कार्यक्रम के लिए अयोध्या के भावी युवराज पूरी तरह मन से तैयार नहीं दिखाई दे रहे हैं।

''आओ पुत्र! मैं तुम्हारे विषय में ही चिंतन कर रही थी। पर तुम यहां क्यों आए हो ? तुम्हें तो अभी गुरु वशिष्ठ और अपने पिता महाराज के पास होना चाहिए था। तुम्हारे मुख पर तुम्हारी चिर परिचित मुस्कान भी नहीं है। क्या कोई उलझन आ गई है या कोई नया प्रश्न उपस्थित हो गया है?'' माता कौशल्या ने पूछा।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।

उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

### रिश्तों का बंधन

जो बहन बेटियों की लाज बचाए,
उनका जग में अभिनंदन है।
अपने रिश्तों की गठजोड़ सजाए,
भाई बहनों की रक्षा बंधन है।
बात केवल रेशमी धागों की नहीं,
जन्मों जनम का संबंध है।
एक दूसरे से जुड़कर रहेंगे हम,
अनमोल रिश्तों का गठबंधन है।
ससुराल से भी चले आते हैं बहना,
भावनाओं का नित संवर्धन है।
खेलते थे बचपन में मिलकर साथ,
उन दिनों का सुखद स्मरण है।
दो कुलों को जोड़कर रखने वाली,
उन बहनों की रक्षा बंधन है।
सलामत रहे भाई
बहनों की खुसियाँ,
अटूट रिश्तों का स्नेह मिलन है।



मदन मंडावी
ढारा, डोंगरगढ़,
मो.-7693917210

## कविता

### ।।सगा सोदर नोहे, बहिनी आवत हे।।

झन बाँट चिरईया चारा, फूफू दीदी आवत हे।
झन सगा सोदर कहिबे, मोर बहिनी आवत हे।।
घर अंगना के रंगोली, लमाय दूनों कुल के डोरी।
बिरान होवय न चिरईया, घर अपनेच आवत हे।।
घटा घोप सवनाही म, जगजग पुन्नी उजरावत हे।
अतरे हावव पानी बादर, रितुआ बने सुहावत हे ।।
ननपन के बरजइया अउ सब्बो हियाव करइया।
राखी बंधना के डोरी म, मन अभी
ले बंधावत हे।।देखव ममहावत
हावे मोंगरा, तुलसी हरियावत हे।
मया अंचरा गठियावत,
बहिनी राखी लावत हे।।
भांचा-भांची संगे म आही,
धमा चौकड़ी मचाही।
देवता कुरिया मा सबो,
देवतन धामी हरसावत हे।।



रोशन साहू
''मोखला''(राजनांदगांव)
7999840942

## कविता

### विज्ञ जनों के बीच

विज्ञ जनों के बीच खड़ा हूँ,
आज मै दुविधा में पड़ा हूँ।
किन शब्दों से करूं प्रारंभ,
मैं शब्दों की खोज में पड़ा हूँ।
जब शब्दों की गहराई मे गया,
तब लगा मै हाशिये में पड़ा हूँ।
कितना विराट सोच उनका,
मैं क्षुद्र विचारों में पड़ा हूँ।
शब्द से शब्द का नाता गहरा,
मैं शब्द शब्द जोड़ने में पड़ा हूँ।
आज की संध्या में मौजूद,
मैं अजीब उलझन में पड़ा हूँ।



गजेंद्र बख्शी 32
रिद्धि सिद्धि कालोनी
पेज 3 राजनांदगांव छ.ग.
9827184147

## कविता

### //राखी//

ये राखी मा मोला भैया, नइ चाही कुछ जादा।
छोड़ कभू झन तैं हा जाबे, अपन निभाबे वादा।।
घूमत हावय ये दुनिया मा, बनके लोग शिकारी।
सोच-सोच के मन घबरावै, कल काखर हे बारी।।
मया जनम भर के मँय बांधंव, नोहय रेशम डोरी।
मोला देबे आशीष सदा, भर दे हृदय तिजोरी।।
सुख के छंइहा जिनगी बीतय, गोड़ गड़ै झन काँटा।
सदा मिलै हर काम सफलता, होय कभू झन घाटा।।
संग मोर रहिबे ता भैया, आँखी कोन गड़ाही।
हिम्मत नइ होवय कखरो भी, चरा नइ छू पाही।।
घूम सकत हँव मँय दुनिया मा, पंख अपन
फैला के। हर सपना पूरा कर पाहूँ, साहस
आदर पा के।।भाई-बहिनी के रिश्ता हा,
रहिथे सुग्घर सादा। छोड़ कभू झन
तैं हा जाबे, अपन निभाबे वादा।



प्रिया देवांगन
''प्रियू''

## बाल कविता

### // राखी का त्यौहार //

सावन माह का उपहार है,
राखी का त्यौहार।
भाई-बहन का प्यार है,
राखी का त्यौहार।
नाते-रिश्ते का आधार है,
राखी का त्यौहार।
खुशियों का संसार है,
राखी का त्यौहार।
समाज में एक सुधार है,
राखी का त्यौहार।
प्रेमचंद का कथासार है,
राखी का त्यौहार।






टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''

## कविता

### ''मोर भईया के राखा ऐ''

भाई बहिनी के पबरीत रिसता,
लहु ले जेकर नाता होथे।
बीन भाई के बहिनी हर,
भाई के सुरता म रोथे।
जब दुख आथे बहिनी ल,
तब भईया के सुरता करथे।
भाई हर राखी के करजा ल,
हर बिपत म जाके हरथे।
बहिनी जईसे पलक हरेत, भाई ह आंखी ऐ,
मोर भईया के राखी ऐ।।
राखी के बंधना ल झन समझबे डोर।
ननपन म घुमावत राहस, पाके गली खोर।
भाई बहिनी के मया अमर हें,
जुग-जुग करही अंजोर।
भईया मोर बर धरोहर अऊ थाथी ऐ,
मोर भईया के राखी ऐ।।
इन्द्र इन्द्रणी के कथा सुने हन,
अऊ राजा बलि के कहानी। बहिनी
ल आसा रहिथे, भईया घर के एक लोटा पानी।
ये बन्धना तो मया के होथे,
मिलत राहे सदा मीठ जुबानी।
जईसे चिंरई बर, सहारा पांखी ऐ,
मोर भईया के राखी ऐ।।





आनंदराम साहू (सार्वा)
कु.बो. भाठागांव

## राशिफल

**मेष** – आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। कई तरह की व्यक्तिगत गतिविधियों में ही दिन व्यतीत हो जाएगा। स्वयं पर भरोसा रखें। अपनी क्षमता से अधिक कार्य भार ना लें। आज के दिन निवेश करना भविष्य के लिए लाभकारी रहेगा। कुछ समय अपनी रुचि संबंधी कामों में भी बिताएंगे।

**वृषभ** – आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कारोबारी गतिविधियों में बहुत ध्यान देने की जरूरत है। नए एग्रीमेंट होंगे और आपकी छवि और प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आज उत्तम स्थिति बनी हुई है लिए गए निर्णय के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। विद्यार्थियों को इंटरव्यू अथवा करियर में उचित सफलता मिलने के योग हैं।

**मिथुन** – आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। अपने पक्ष को मजबूत करके रखें। दूसरों की व्यक्तिगत गतिविधियों से खुद को दूर रखें। अपने व्यक्तिगत और पारिवारिक मामलों को ही अहमियत दे। आज बच्चों की समस्याओं का समाधान देने से उनका मनोबल बढ़ेगा। इसलिए उनके साथ कुछ समय बिताएंगे।

**कर्क** – आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। समय बहुत ही अनुकूल है। कोई खास कार्य भी हल होने वाला है। अपने बारे में ही सोचे और अपने लिए ही काम करें। कोई पारिवारिक विवाद किसी अनुभवी व्यक्ति की मध्यस्थता से हल हो जाएगा और आपसी संबंधों में पुनः मधुरता आएगी। आर्थिक कशमकश बनी रहेगी।

**सिंह** – आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपको कोई विशेष उपलब्धि मिलने वाली है। आपका गुस्सा व बहुत अधिक अनुशासित होना दूसरों के लिए समस्याएं उत्पन्न करेगा। कुछ समय अध्यात्मिक अथवा धार्मिक गतिविधियों में भी जरूर व्यतीत करें। आपको फायदेमंद अनुबंध मिलने वाले हैं।

**कन्या** – आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। अपनी जीवनशैली को और अधिक उन्नत बनाकर रखने का प्रयास करें। अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि रहेगी। ऑफिस में कार्यभार की अधिकता की वजह से घर में भी करना पड़ेगा।

**तुला** – आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज परिस्थितियां आपके पक्ष में सुखद परिवर्तन ला रही है। इस समय व्यवसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए बहुत अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक** – आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। व्यवस्थित और योजनाबद्ध तरीके से कार्यों को संपन्न करे। मन मुताबिक फल मिलने से मन में खुशी रहेगी और आय के साधन प्रबल होंगे। युवाओं को अपने करियर से संबंधित कोई खुशखबरी मिल सकती हैं। अपनी योग्यता और कार्यक्षमता पर ही भरोसा रखें।

**धनु** – आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। किसी संपर्क द्वारा महत्वपूर्ण समाचार प्राप्त होगा। जो कि आपके भविष्य के लिए बहुत ही लाभदायक साबित होगा। आज आपका सकारात्मक दृष्टिकोण व संतुलित व्यवहार घर और बाहरी गतिविधियों में उचित सामंजस्य बनाकर रखेगा और अपने काम को पूरा करने में सक्षम भी होंगे।

**मकर** – आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। किसी भी काम को करने से पहले उसके बारे में पूरी जानकारी अवश्य हासिल करें। आज आप प्रोडक्शन के साथ-साथ उनकी गुणवत्ता पर भी ज्यादा ध्यान देंगे। आज दिन आपके पक्ष में है। किसी को दिया उधर दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा। कोई राजनीतिक उपलब्धि मिल सकती हैं।

**कुंभ** – आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बच्चों की शिक्षा अथवा करियर को लेकर कोई चल रही समस्या हल हो जाएगी। अगर कोई विवादित संपत्ति संबंधी मामला है, तो किसी अनुभवी व्यक्ति के सहयोग से संपन्न होने की उचित संभावना है। जिससे काफी हद तक तनावमुक्त महसूस करेंगे। अचानक ही कुछ ऐसे खर्चे सामने आएंगे।

**मीन** – आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। किसी अनुभवी के मार्गदर्शन से सभी कार्य योजना बद्ध तरीके से संपन्न होते जाएंगे और आप अपने अंदर अद्भुत ऊर्जा महसूस करेंगे। युवा वर्ग अपने भविष्य संबंधी गतिविधियों को लेकर पूरी तरह गंभीर रहेंगे। घर में नजदीकी संबंधियों की आवाजाही रहेगी।

# 21 अगस्त को अजा-अजजा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के द्वारा डोंगरगढ़ बंद का आह्वान

डोंगरगढ़ (दावा)। अनुसूचित जाति जनजाति संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा भारत बंद का आह्वान किया गया है। तहसील एवं ब्लॉक डोंगरगढ़ में भी ब्लॉक मुख्यालय बंद कराने एवं जोरदार धरना प्रदर्शन की तैयारी पूर्ण हो चुकी है ।ब्लॉक के संयोजक डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने कहा है कि आरक्षण का वर्गीकरण व क्रिमिनल का प्रावधान पूरी तरह से असंवैधानिक है।माननीय सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय एससी एसटी समुदाय को बांटने वाला है । कर्मचारी अधिकारी संघ के प्रदेश महासचिव योगेश चौरे ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय की सभी के द्वारा आलोचना की जा रही है संयुक्त मोर्चा के उपाध्यक्ष भीषम ठाकुर ने कहा कि भारत सरकार जाति जनगणना कर ही नहीं रही है वह सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय अनुसूचित जाति जनजातियों के लिए बेहद खतरनाक है । आदिवासी कंवर समाज के जिला अध्यक्ष बिंदु लाल कंवर ने कहा कि हमारे देश में समाज वर्ण व्यवस्था, जाति व्यवस्था, ऊंच नीच, भेदभाव आज भी बना हुआ है। सुप्रीम कोर्ट को सबसे पहले जाति समाप्त करने का निर्णय लेना चाहिए जिससे कि ऊंच-नींच की भावना ना हो। आदिवासी हल्बा समाज के प्रतिनिधि महेश सुधाकर ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के 1 अगस्त के आरक्षण को लेकर गए फैसले के विरोध में अनुसूचित जाति जनजाति के समुदाय दो में घोर आक्रोश है यह फैसला सामाजिक असमानता को बढ़ावा देने वाला है।

**माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की सभी ओर से आलोचना हो रही है - प्रदेश महासचिव योगेश चौरे**




एससी एसटी एसोसिएशन के के अध्यक्ष एच के आजाद ने कहा कि बंद को सफल बनाने के लिए संविधान के दायरे में रहकर विरोध प्रदर्शन करेंगे इस दौरान आरक्षण विरोधी फैसले को कानून बनाकर या अध्यादेश लाकर वापस लेने हेतु सरकार पर दबाव बनाया जाएगा 21 अगस्त को भारत बंद की कमान अनुसूचित जाति जनजाति संयुक्त संघर्ष मोर्चा संभालेगी व चैंबर्स ऑफ कॉमर्स सहित अन्य व्यापारिक संगठनों से भी बंद को सफल बनाने समर्थन मांगा जाएगा तथा लोगों से निवेदन कर अपने प्रतिष्ठान बंद करने के लिए संपर्क किया जाएगा तथा रैली निकाली जाएगी रैली शहर भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचेगी तथा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस बैठक में सुदर्शन समाज से प्रीति चमन समुन्द्रे, उमेश हत्थेल, भीम सेना से शुभम खोब्रागडे, प्रज्ञागिरि ट्रस्ट से धन्नालाल गणवीर, संतोष लाजेवार, पंचशील बौद्ध महासभा इंदिरा नगर से रमन शेंडे, डां. मनोज रंगारी, संजू गजभिये, भुरवाटोला समिति से मीना घरडे, संजय नगर समिति से धर्मेन्द्र मडामे, पंचशील समिति बुधवारी पारा से प्रणय बंसोड, एवं समस्त बौद्ध समितियो के प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किये व भारत बंद का समर्थन किया।

# सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने में तुलसी मानस प्रतिष्ठान का कार्य सराहनीय है - मधुसूदन यादव

**तुलसी मानस प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित गोस्वामी तुलसीदास जन्मोत्सव कार्यक्रम**



डोंगरगढ़ (दावा)। तुलसी मानस प्रतिष्ठान डोंगरगढ़ द्वारा आयोजित गोस्वामी तुलसीदास जन्मोत्सव कार्यक्रम अछोली में संपन्न हुआ। तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लाक ईकाई डोंगरगढ़ के तत्वावधान में दो दिवसीय मानस संगोष्ठी का आयोजन ग्राम अछोली (डोंगरगढ़) के साहू सदन में रखा गया। जिसके समापन अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव अपनी उपस्थिति प्रदान किए।

मानस प्रवक्ता मनसुख साहू द्वारा मधुसूदन यादव को राम नामी गमछा भेंटकर सम्मान किया गया। मधुसूदन यादव ने प्रतिष्ठान से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि आज के समय में सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने में रामचरित मानस के प्रचार प्रसार करने में तुलसी मानस प्रतिष्ठान का अहम योगदान है। पूर्व सांसद ने इस दो दिवसीय मानस संगोष्ठी के सफल आयोजन पर प्रतिष्ठान के सभी पदाधिकारियों एवं अछोली के ग्रामवासियों को बधाई दिया।

इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के मानस प्रवक्ता जिन्होंने राष्ट्रीय संत मुरारी बाबू के समक्ष अपने व्याखायंन प्रस्तुत करने वाले मनसुख साहू, पुरषोत्तम राजपूत, पिलाराम शर्मा, राम राजेश और मानस कोकिला बृजेश्वरी देवी ने भी राम कथा प्रस्तुत कर राम के आदर्श को जीवन में उतारने के साथ साथ सनातन हिंदू धर्म की रक्षा के लिए सभी को आगे आने आने का आव्हान किया जिसे जन मानस ने खूब सराहना किया। साथ में जनपद सदस्य और संरक्षक रवि अग्रवाल, जनपद सदस्य और संरक्षक कचरू साहू, उपकार साहू, हेमलाल वर्मा, मनोज नेताम, राजेंद्र जैन, रामाधार ओझा, जिला अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान पोषण शुक्ला, मनसुख साहु, श्रीमती अंजू शर्मा के अलावा आयोजन समिति के अध्यक्ष रामखिलावन दुबे,बजरंग साहू, मोरध्वज साहू, राजेंद्र साहू, लक्ष्मण साहू, कमल निर्मलककर, मुकुंद मोहन, हरीश साहू उपस्थित रहें।

## पहला कॉलम...

### शहर सर्किल लोधी समाज राजनांदगांव द्वारा रानी अवंती बाई लोधी का जन्मदिवस मनाया गया



राजनांदगांव (दावा)। रानी अवंती बाई लोधी (जन्म 16 अगस्त 1831) एक भारतीय महिला थी, जो स्वतंत्रता सेनानी और प्रथम शहीद वीरांगना थीं। यह मध्य प्रदेश में रामगढ़ राज परिवार की महिला नायिका थीं। शहर सर्किल लोधी समाज राजनांदगांव द्वारा जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें समाज के अध्यक्ष चेतन वर्मा, उपाध्यक्ष अनुपम वर्मा, सचिव गणेश वर्मा, मार्गदर्शक चैतराम वर्मा, कुंवर सिंह वर्मा, महेंद्र वर्मा, डागेश्वर वर्मा, महेश्वर वर्मा, बृजेश वर्मा, बसंत वर्मा, खिलेश्वर वर्मा, राजकुमार वर्मा एवं वर्मा समाज के सभी सो जाती बंधु उपस्थित हुए।

### गुरू बालक दास जी की134 वी जयंती ग्राम तुमड़ीबोड़ में हर्षोल्लास मनाया



तुमड़ीबोड़ (दावा)। ग्राम में आयोजित ब्लाक स्तरीय गुरू बालक दास जी 134 जयंती के अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि विधायक डोंगरगांव दलेश्वर साहू विशिष्ट अतिथि डोंगरगढ़ विधायिका श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सतनामी सेवा समिति के अध्यक्ष युवराज ढिड़हेर विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य हेमंत यादव एवं सतनामी समाज तुमड़बोड़ के अध्ययक्ष सुभाष नारंग, उपाध्यक्ष पितांबर बंधे, संगठन प्रमुख पूरण जांगड़े एवं जिले से नारायणदास राही जीवन चर्तुवेदी, सतनामी समाज के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। यह जानकारी कार्यालय प्रभारी एवं मुख्य प्रवक्ता वासुदेव जोशी ने दी।

### विधायक श्रीमती यशोदा नीलांबर वर्मा ने किए गली कांक्रीटिकरण का निरीक्षण



खैरागढ़ (दावा)। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने आज खैरागढ़ वि.ख. अन्तर्गत ग्राम रंगकठेरा में विकास कार्य विधायक निधि द्वारा गली कांक्रेटिकरण का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा, हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। गली कांक्रीटीकरण का कार्य विधायक निधि से किया जा रहा है और हमें उम्मीद है कि यह कार्य जल्द ही पूरा हो जाएगा।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा का स्वागत कर उन्हें धन्यवाद दिए। ग्रामीणों ने कहा, हमें आभार है कि हमारे ग्राम में विकास कार्यों को पूरा करने के लिए इतना काम किया है। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए काम करेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### संस्कार सिटी कॉलेज ऑफएजुकेशन में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला में 78 वां स्वतंत्रता दिवस पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में माँ सरस्वती, भारत माता व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चलचित्र के समक्ष माल्यार्पण से हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में देश की आजादी को अच्छाई की जीत से जोड़ते हुए शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि दी।

# मुक्तिधाम जीर्णोद्धार के लिए 10 लाख की घोषणा



डोंगरगढ़ (दावा)। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे ने छीरपानी मुक्तिधाम के जीर्णोधार के लिए 10 लाख रुपए की अनुशंसा की है । शनिवार शाम राजनांदगांव स्थित सांसद कार्यालय में मुक्तिधाम समिति के सदस्यगणों द्वारा पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, भाजपा नेता हरविंदर सिंह मंगे तथा सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी के नेतृत्व में सांसद संतोष पांडे से मुलाकात की गई। चर्चा के दौरान मुक्तिधाम जीर्णोधार हेतु किए जा रहे जन सहयोग के कार्यों से सांसद श्री पांडे को अवगत कराया तथा मुक्तिधाम के विकास के लिए सहयोग की मांग की। सांसद श्री पांडे ने प्रतिनिधि मंडल से विस्तृत चर्चा की तथा मुक्तिधाम के विकास के लिए 10 लाख रुपए की अनुशंसा की।

**मनुष्य के जीवन का शाश्वत सत्य मृत्यु है - सांसद पांडे**

मुक्तिधाम समिति के सदस्यों से चर्चा के दौरान श्री पांडे ने कहा की मनुष्य के जीवन का शाश्वत सत्य मृत्यु है। मुक्तिधाम में ही व्यक्ति को अंतिम शरण मिलती है। इसलिए वहां का रखरखाव उत्तम तरीके से होना चाहिए। मुक्तिधाम समिति के कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ मां बमलेश्वरी की नगरी है। जो पूरे छत्तीसगढ़ ही नहीं भारत भर में विख्यात है। मां की कृपा दृष्टि से सभी फल फूल रहे हैं।उस क्षेत्र के विकास के लिए मैं हमेशा से प्रयासरत हूं और रहूंगा। उन्होंने कहा कि अपने संसदीय क्षेत्र में उन्होंने सबसे पहले डोंगरगढ़ के पर्यटन विकास के लिए प्रसाद योजना से राशि स्वीकृत कराई अब वे भोरमदेव के विकास के लिए भी प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही रेलवे के क्षेत्र में भी डोंगरगढ़ को अग्रणी बनाने का प्रयास वे करेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक खांडेकर हरविंदर सिंह मंगे, प्रकाश बिंदल, परविंदर सिंह मोंटी विश्वनाथ यादव, गोपाल खेमुका, मनोज गुप्ता, विजय बिंदल, हनी गुप्ता, कैलाश अग्रवाल ने बारी-बारी सांसद श्री पांडे के समक्ष मिलकर डोंगरगढ़ के विकास के विषय पर चर्चा की।तत्पश्चात सांसद श्री पांडे ने डोंगरगढ़ के आगामी पर्व गोविंदा उत्सव की सराहना करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में सबसे अच्छा गोविंदा उत्सव वहीं मनाया जाता है। उन्होंने आगामी 27 अगस्त को गोविंदा उत्सव में डोंगरगढ़ आने का निमंत्रण भी स्वीकार किया। इस दौरान भाजपा नेता आलोक श्रोती मूलचंद लोधी भी उपस्थित थे।

**0 संसद से मिले मुक्तिधाम समिति के सदस्यगण**
**0 आवश्यकतानुसार किया जाएगा भरपूर सहयोग- सांसद पांडे**

# राजपूत क्षत्रिय समाज ने सावन मिलन व झूला महोत्सव में लिया आनंद



डोंगरगांव (दावा)। नगर के उपसमिति डोंगरगांव राजपूत क्षत्रिय महिला मंडल पं.क्र.1282 रहटादाह के व्दारा 14 अगस्त को बाबा भोलेनाथ व माँ बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण में सावन मिलन व झूला महोत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 3 बजे हुआ जिसमें महिलाओं ने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं, युवतियाँ व बच्चों ने बढ-़चढ़कर हिस्सा लिया. इस अवसर पर महिलाओं का सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता, भजन गायन व बच्चों का डांस प्रतियोगिता आयोजित किया गया. सभी ने गार्डन में झूला का भी आनंद लिया. महिलाओं को श्रृंगार सामान व बच्चों को पुरस्कार दिया गया. कार्यक्रम का समापन देर शाम को हुआ. आयोजन में मुख्य रूप से पद्मिनी ठाकुर राजपूत मंडल अध्यक्ष, सरोज ठाकुर सचिव, शशि ठाकुर सक्रिय सदस्य, रंजना विनोद, बेना ठाकुर, अर्चना विनोद, प्रमिला ठाकुर, नीता ठाकुर, उषा ठाकुर, मिथलेश ठाकुर, मेघा ठाकुर, मीनू ठाकुर, रत्ना ठाकुर, सरिता विनोद, कु.खुशबू, कु.रानू, शिवादित्य, यश, याशी, राजन ठाकुर, सोनाक्षी ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर मुसरा के छात्रों ने खेलों में परचम लहराया



डोंगरगढ़/मुसरा (दावा)। संकुल स्तरीय क्रीड़ा एवं बौद्धिक प्रतियोगिता विगत दिवस सरस्वती शिशु मंदिर बेलगांव के नेतृत्व में संपन्न हुआ।जिसमें राजनांदगांव जिला के विभिन्न शिशु मंदिर के छात्रों ने पार्टिसिपेट किया। जिसमें शिशु मंदिर मुसरा के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया ।इस प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी, रिले रेस, दौड़, फुगड़ी, गिल्ली डंडा, कुर्सी दौड़, गोला फेंक, तवा फेक, भगवत गीता सस्वर वाचन, भजन इत्यादि खेलों में शिशु मंदिर के छात्रों ने बहुत ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्राथमिक वर्ग बहन, बाल वर्ग भैया एवं बहनों ने खो खो में प्रथम स्थान प्राप्त किया।बाल वर्ग बहनों ने कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

100 मीटर दौड़ हिमांशी साहू,400 मीटर करीना वर्मा,लंबी कूद तोष यादव, ऊंची कूद भाविका, कुश्ती भवेंद्र साहू, रस्सी कूद खुशी वर्मा, ऊंची कूद खोमेश विश्वकर्मा, लंबी कूद राधारमण वर्मा, वंदे मातरम गायन डॉली एवं साथी, व्यक्तिगत गीत तोस कुमार यादव, गीता पाठ शीतल पटेल,रंगोली पूनम साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उपर्युक्त खेलों में विद्यालय के स्पोर्ट इंचार्ज मानिक पटेल का भूमिका महत्वपूर्ण रहा है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य एस.के.पटेल ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए छात्रों की परिश्रम, पेरेंट्स एवम टीचिंग स्टाफ सभी की परिश्रम की सराहना की गई। विद्यालय के एग्जाम सेल एंड एकेडमिक इंचार्ज जे.एन. वर्मा ने सभी छात्रों को हृदय से उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाइयां ज्ञापित की गई।

# स्वतंत्रता दिवस पर हुआ अखबार वितरकों का सम्मान, नागरिक एकता मंच ने किया सम्मान



खैरागढ़ (दावा)। नागरिक एकता मंच के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अंचल में अखबार वितरण करने वाले अखबार वितरकों का सम्मान किया गया। समारोह में अतिथि के रूप में समाजसेवी गैंद लाल यदु, व्यापारी संघ अध्यक्ष अशोक मूणत, लाल अशोक सिंह व सत्यनारायण सिंह सहित अतिथिगण व नागरिक एकता मंच के पदाधिकारी मौजूद थे।

इस दौरान अखबार वितरक महेश पटेल, मनीष पटेल, राज चंद्राकर व सुनील वर्मा को शिल्ड प्रदान कर व बैच लगाकर सम्मानित किया गया। अखबार वितरक महेश पटेल ने बताया कि यह पहली बार है जब अखबार वितरण करने वालों को इस तरह सम्मानित किया गया है, अभी तक ऐसा नहीं हुआ था। यह सम्मान पाकर हम अखबार वितरकों को अत्यंत खुशी हो रही है। महेश ने बताया कि सुबह उठकर बरसात व ठंड में सुबह-सुबह अखबार का वितरण करना करना बहुत ही मुश्किल भरा काम होता है। इस काम को करने में बहुत लोग शर्म करते हैं और इस काम को छोटा समझते हैं, पर यह काम छोटा नहीं है। इसी काम को करते हुये हमारे देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम वैज्ञानिक बन गये। मेहनत करते रहना चाहिए, हार नहीं मानना चाहिए।

# संगीत नगरी खैरागढ़ में 8वीं बार लहराया 51 फीट ऊंचा तिरंगा

खैरागढ़ (दावा)। संगीत नगरी खैरागढ़ में अनवरत 8वीं बार 51 फीट ऊंचे तिरंगा ध्वज का आरोहण विविध आयोजनों के साथ समारोहपूर्वक किया गया। नगर की एकमात्र गरिमा स्थली अंबेडकर चौक में विगत 13 अगस्त को 51 फीट ऊंचे तिरंगे का आरोहण इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त बुक कीपर व समाजसेवी गैंदलाल यदु के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथि के रूप में क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी लाल अशोक सिंह, व्यापारी संघ अध्यक्ष अशोक मूणत व सत्यनारायण सिंह विशेषतौर पर उपस्थित रहे। सर्वप्रथम आयोजन की शुरूआत मुख्य अतिथि गैंदलाल यदु के निज निवास टिकरापारा से तिरंगा यात्रा निकालकर की गई। देशभक्ति गीतों व नारों के साथ तिरंगा यात्रा नागरिक एकता मंत्र की अगुवाई में आयोजन स्थल अंबेडकर चौक पहुंची, जहां से अतिथियों के सम्मान में इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय परिसर में निर्मल त्रिवेणी अभियान के संयोजन में वृक्षारोपण किया गया। परंपरा अनुसार मुख्य अतिथि व अतिथियों द्वारा आयोजन समिति नागरिक एकता मंच को 51 फीट ऊंचाई पर ध्वजारोहण करने विशेष रूप से निर्मित तिरंगा ध्वज भेंट किया गया। मंच पर अतिथियों को 'हमर तिरंगा हमर अभिमान' का बैच लगाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच से मुख्य अतिथि गैंदालाल यदु ने आयोजन के लिये शुभकामनाएं दी वहीं लाल अशोक सिंह ने अनवरत स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित हो रहे उक्त कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुये कहा कि प्रति वर्ष 51 फीट ऊंचा तिरंगा फहराकर नागरिक एकता मंच ने नगर सहित क्षेत्रवासियों को साम्प्रदायिक सद्भावना व एकता के सूत्र में पिरोने का बेमिसाल काम किया है। समारोह का संचालन करते हुये संस्था के सदस्य अनुराग शांति तुरे ने अपनी कविताओं के माध्यम से देशभक्ति की अमिट भावना को प्रदर्शित किया। वहीं समारोह स्थल पर ड्रीम्स एकेडमी के जवानों ने देशभक्ति गीतों पर शानदार करतब दिखाकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा अखबार वितरकों को सम्मानित किया गया। समारोह में विशेषतौर पर समाजसेवी उत्तम कुमार बागड़े, समसुल होदा खान, किशोर शर्मा, कपिनाथ महोबिया, पार्षद अजय जैन, युवा समाजसेवी नवनीत जैन, अमीन मेमन, सत्येन्द्र वर्मा, याकूब खान, संतरीन बाई यादव, वंदना टांडेकर, सीमा खान, यतेन्द्रजीत सिंह, राजेश मिश्रा, डॉ.आकाश कन्नौजे, ऋषिदीप सिंह, दानेश सिंह, सूर्यकांत यादव, पूर्व पार्षद व सभापति सोनू ढीमर, गोरेलाल वर्मा, सुनील यादव, ड्रीम्स एकेडमी के लखेश्वर जंघेल, बलराम यदु, हेमंत कुमार ब्रम्हभट्ट, सूरज देवांगन,मंगल सारथी, नितेश जैन, गोविंद सोनी, विनोद रजक, महेश बंजारे, कमलेश बोमले, राजकुमार बोरकर, रमेश यदु, हेमंत लहरे, राहुल यादव, चंदन यादव, इंदर यादव, मुकेश यादव, पुरूषोत्तम यादव, हीरा यादव, ललिता यादव, वीणा यादव, लता यादव, भारती यादव, चित्ररेखा यादव, सरस्वती यदु, जनक यादव, घनश्याम सिंह,अर्जुन यदु सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद थे।



**तिरंगा यात्रा निकालकर देश की सेवा में रत जवानों की, अगुवाई में हुआ आयोजन**

# सिंघाभेड़ी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



बांधाबाजार (दावा)। ग्राम सिंघाभेड़ी में स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं के द्वारा बैंड बाजे के साथ हाथों में तिरंगा लहराते हुए प्रभात फेरी निकाली गई। शाला भवन में गोवर्धन नेताम, पंचायत भवन में सरपंच लालेश्वरी चंद्रवंशी, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में प्राचार्य रुपेश तिवारी, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में अशोक निर्मलकर, अटल चौक में धनसाय साहू, स्वास्थ्य केंद्र में श्रीमति भुनेश्वरी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में मुख्य समारोह आयोजित किया गया जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा देशभक्ति एवं प्रेरणा पद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम को सरपंच लालेश्वरी चंद्रवंशी अशोक निर्मलकर शाला प्रबंधन समिति एवं विकास समिति के अध्यक्ष गोवर्धन नेम पूर्व मंत्री एवं प्राचार्य रुपेश तिवारी ने संबोधित किया ने संबोधित किया। उक्त कार्यक्रम में ग्राम के सूर्यप्रकाश ठाकुर, आत्माराम चंद्रवशी, कन्हैयालाल, पन्नालाल सोनी, गौत्रहीन बाई, रामबाई सहित सभी ग्रामीणजन एवं सभी विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता मनोज देवांगन एवं शिक्षक गुलशन साहू ने एवं आभार प्रदर्शन संस्था के प्राचार्य रुपेश तिवारी के द्वारा किया गया।

## एफएमडी रोग से पशुओं की सुरक्षा के लिए विशेष टीकाकरण अभियान 30 सितम्बर तक

राजनांदगांव (दावा)। **भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना लाईवस्टाक हेल्थ एण्ड डीजीज कंट्रोल प्रोग्राम अंतर्गत पशुधन विकास विभाग द्वारा जिले में एफएमडी (खुरहा चपका रोग) रोग से गौवंशीय एवं भैसवंशीय पशुओं को बचाने के लिए 15 अगस्त से 30 सितम्बर 2024 तक विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है।**

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अनूप चटर्जी ने बताया कि एफएमडी (खुरहा चपका रोग) रोग के कारण पशुओं के मुंह में छाले होना, खुर में घाव होना, अत्यधिक लार निकलना, बुखार आना इत्यादि लक्षण होते है। इस रोग का बचाव टीकाकरण से संभव है। उन्होंने बताया कि 45 दिवस चलने वाले इस विशेष टीकाकरण अभियान के लिए 169 टीकाकरण कार्यकर्ता शामिल कर कुल 76 टीकाकरण दल का गठन किया गया है, जिनके द्वारा जिले में गौवंशीय एवं भैसवंशीय पशुओं को एफएमडी रोग के प्रकोप से बचाने के लिए टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। टीकाकरण कार्य के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर मानिटरिंग के लिए कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं राजनांदगांव में कंट्रोल रूम एव जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। विकासखंड स्तर पर पशु चिकित्सकों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। टीकाकरण दलों को ग्रामवार कार्ययोजना अनुसार व्यापक कार्य करने निर्देशित किया गया है। टीम द्वारा पशुपालकों की ग्राम पंचायत में बैठक आयोजित कर एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से एफएमडी रोग एवं टीकाकरण से पशुधन को इस रोग से सुरक्षित रखने की जानकारी दी जा रही है। जिले के सभी पशुपालकों एवं ग्रामवासियों को टीकाकरण दल द्वारा अपने पशुओं को एफएमडी रोग से सुरक्षित रखने के लिए टीकारकण करवाने एवं टीकाकरण दल का सहयोग करने की अपील की गई है।

## राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग खिलाड़ी चंचल गुप्ता ने स्वतंत्रता दिवस पर किया ध्वजारोहण



राजनांदगांव (दावा)। शहर की होनहार राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग गोल्ड मेडल खिलाड़ी चंचल गुप्ता ने आज इंदिरा नगर झूलेलाल वार्ड क्रमांक41 आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुई।चंचल गुप्ता को इंदिरा नगर वार्ड के नागरिकों द्वारा विशेष रूप से पंद्रह अगस्त के इस आयोजन में मुख्य अतिथि बनने के लिए आग्रह किया गया था।उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए आज इंदिरा नगर में खिलाड़ी चंचल गुप्ता ने अपने करकमलों से ध्वजारोहण किया तथा राष्ट्र ध्वज को सलामी दी।

अपने प्रथम उद्बोधन में नेशनल प्लेयर चंचल गुप्ता ने कहा कि आजादी के इस 77 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आज मुझे यह सौभाग्य मिला है कि हमारी आन -बान - और शान तिरंगा मुझे आप लोगों की गरिमामय मौजूदगी फहराने का मौका मिला है, यह आप लोगों के कारण संभव हो पाया है, यह मेरे आप लोगों का वात्सल्य है,यह मेरे लिए ऐतिहासिक पल इस क्षण को मैं जीवन भर नहीं भूला पाऊंगी।चंचल गुप्ता ने इस के लिए सभी का आभार व्यक्त कर आशीर्वाद लिया तथा स्वंतत्रता दिवस की बधाईएवं शुभकामनाएं देते हुए स्वंतत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान विजय सोनकर बिंदु साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शशि यादव, किरण साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपास्थित थे।

## एलबी नगर कालेज में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मना



डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में प्राचार्य डॉ आर के ठाकुर के दिशा निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ हेमलता गायकवाड तथा एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी बीआर चंद्रवंशी के मार्गदर्शन एवं दलनायक अजय यादव, उप दलनायक हितेश कुमार एवं पूजा देवांगन के नेतृत्व में 78वां स्वतंत्रता दिवस हर्षौल्लास के साथ मनाया गया।

सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ ठाकुर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात एनएसएस दलनायक अजय यादव के नेतृत्व में आकर्षक मार्च पास्ट कर तिरंगा को सलामी दी गई। कुमारी पूजा देवांगन के नेतृत्व में विभिन्न दलों का परिचय प्राप्त करते हुए समूह नायक द्वारा अपने दल के बारे में ओज पूर्ण ढंग से बखान किया गया। संस्था प्राचार्य डॉ ठाकुर ने अपने उद्बोधन में वीर शहीदों के शौर्य गाथा का बखान करते हुए उनके द्वारा दिए गए बलिदान अविस्मरणीय रहेगा तथा आज हम स्वतंत्र ता का अनुभव करते हैं। महाविद्यालय छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम में मनोहर बोकडे, अरुण कुमार साहू, सुश्री सोनल नागवंशी, श्रीमती रीना सलामे, सूर्यकांत वर्मा, राजेश चक्रधारी, नम्रता परीछा, भूमिका नेताम, डोमेश्वरी साहू, लता यादव अन्य स्वयं सेवक तथा महाविद्यालय के छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## एप्पल वेली पब्लिक स्कूल मोहारा एवं कलडबरी में ध्वजारोहण





राजनांदगांव (दावा)। एप्पल वैली पब्लिक स्कूल, मोहारा में इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण, परेड का आयोजन किया। इस खास मौके पर स्कूल डायरेक्टर श्री जॉन, पालक रामहीन वर्मा, टाकेश्वर वर्मा, सुनील वर्मा, प्रभा वर्मा, मुकेश वर्मा सहित अन्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ स्कूल डायरेक्टर द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ, जहां विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्र ध्वज को सलामी दी और मार्च पास्ट करते हुए देशभक्ति की भावना का प्रदर्शन किया।

डायरेक्टर श्री जॉन ने अपने संबोधन में छात्रों को अनुशासन, समर्पण और नेतृत्व की जिम्मेदारियों को समझने और उन्हें प्रभावी ढंग से निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह समारोह छात्रों के जीवन में नए दायित्वों का आरंभ है, जो उन्हें भविष्य के लिए तैयार करेगा। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा डांस, स्पीच व कविता प्रस्तुत किया गया। समारोह का समापन विद्यालय के वरिष्ठ सीमरन कौर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक मंजू साहू, कामिनी साहू, किरण साहू, तुशांगी राजपूत, पूजा वर्मा, नीलिमा वर्मा, दीपिका साहू, राजदीप कौर और छात्र उपस्थित रहे। इस महत्वपूर्ण दिवस को और भी विशेष बनाने में राजदीप कौर ने कार्यक्रम के संचालन मे अपना योगदान दिया।

## जन आक्रोश रैली में बंगाली समाज ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा




राजनांदगांव (दावा)।जन आक्रोश रैली में बंगाली समाज राजनांदगांव द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया।बांग्लादेश में हिंदुओं के प्रति हो रहे अमानवीय अत्याचार के विरुद्ध बंगाली समुदाय ने बांग्लादेश के हिंदू वर्ग की रक्षा के लिए सरकार से कदम उठाने की मांग की है तथा उनकी जान माल की हिफाजत करने हेतु निवेदन किया है।

राजनांदगांव की सर्व समाज के साथ बंगाली समाज ने भी इस मानवीय संवेदना के जन आंदोलन में अपनी सहयोगिता व्यक्त की है। इस रैली में बंगाली समाज संदीप भट्टाचार्य, श्रीमती शिप्रा मलिक, श्रीमती शुभ्रा दत्ता, श्रीमती प्रिया बोस, श्रीमती सुतोपा राय, श्रीमती लक्ष्मी बनर्जी, श्रीमती छंदा शाहा, श्रीमती अल्पना सरकार, मिताली पाल, सुधा भौमिक एवं अन्य अनेक महिलाएं एवं पुरुष इस रैली में शामिल हुए।

## बचपन स्कूल में ध्वजारोहण के साथ हुआ अलंकरण समारोह



राजनांदगांव (दावा)। दुर्गा चौक दिग्विजय कॉलेज रोड पर स्थित बचपन प्ले स्कूल में 78 वें स्वतंत्रता दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने अपने अंदर समाहित रंगारंग कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी।

सर्वप्रथम संस्था के प्रमुख राकेश पारख व स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती स्मृति द्विवेदी द्वारा भारत माता और अनेक स्वतंत्रता सेनानियों की पूजा-अर्चना कर उन्हें याद किया गया। शाला के डायरेक्टर राकेश पारख द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों से विद्यार्थियों को अवगत कराया तथा प्राचार्या द्वारा विद्यार्थियों से स्वच्छ भारत बनाने का संकल्प कराया गया तथा सदैव रास्ट्रीय एकता को अखंड बनाए रखने का प्रण कराया गया। बचपन स्कूल के प्यारे बच्चों द्वारा 'मार्च-पास्ट' कर ध्वजारोहण कर कार्यक्रम को गति प्रदान की। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए आज स्कूल परिसर में अलंकरण समारोह का आयोजन भी किया गया। जिसमें शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 के लिए अपने सीनेट की घोषणा की गई। स्कूल सिनेटरों की भूमिका प्रशासन और छात्र समुदाय के बीच वे छात्र - निकाय का प्रतितनिधित्व करते हैं। दिन प्रतिदिन की गतिविधियों के सुचारू संचालन व विभिन्न कार्यकर्मों के कुशल निष्पादन में मदद करते हैं। प्रथम चरण में हेड बॉय (सीनियर) 'अंश गुप्ता', हेड गर्ल (सीनियर) 'अनन्या शाह', हेड बॉय (जूनियर) कौश्तुभ शर्मा, हेड गर्ल (जूनियर) तिथि कांकरिया 7 अर्जुन, भीष्म, चाणक्य तथा द्रोणा हाउस ने बैंच पहनकर अपनी पूरी टीम के साथ अपने कर्तव्यो का निष्ठा के साथ पूरा करने का प्रण किया। प्रधानाचार्या श्रीमती स्मृति द्विवेदी ने सभी विधार्थियों को उनके कर्तव्यों तथा उत्तरदायित्व को निभाने का आग्रह किया। संस्था के प्रमुख सुनील गोलछा, टीकम सोनी और राकेश पारख सभी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

## आत्मा को मुक्ति तो सिर्फ सदगुरु ही दे सकता है- गुरु बक्श सिंह जी

### संत निरंकारी सत्संग भवन लालबाग में मुक्ति पर्व दिवस मनाया गया



राजनांदगांव (दावा)। सदगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से 15 अगस्त गुरूवार को संत निरंकारी सत्संग भवन लालबाग में मुक्ति पर्व का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर निरंकारी मिशन के जोनल इंचार्ज परम पूज्य महात्मा गुरू बक्श सिंह जी कालरा रायपुर से पहुंचकर अपने अमृतमय प्रवचनों में बताया कि 15 अगस्त को जगतमाता जी ने नश्वर शरीर का त्याग किया था एवं अन्य ब्रह्मलीन संत महात्माओं को एवं बलिदानी संतो को श्रद्धांजलि देने के लिए निरंकारी मिशन के द्वारा 15 अगस्त के दिन मुक्ति पर्व दिवस मनाया जाता है। आत्मा को मुक्ति तो सिर्फ सदगुरू ही दे सकता है। इस परमपिता परमेश्वर निरंकार पर भी हमे विश्वास होना चाहिए तभी हम सेवा, सिमरन और सत्संग कर सकते है और फिर हमें किसी भी प्रकार की समस्या नही होगी। गुरू पर विश्वास करने वाले ही कहा करते है कि ''तीन लोक नौ खण्ड में, गुरू से बड़ा ना कोय। कर्ता करे ना कर सके, गुरू करे सो होय।।'' महात्मा जी ने आगे बताया कि हमें हमेशा सत्संग पर समय पर ही पहुंचना चाहिए। समय पर पहुंचने से हर छोटे-बड़े संत महात्मा का विचार सुनने को मिलता है इन विचारो से ही हमें माया, मोह से छुटकारा मिलता है।

भक्त के जीवन में सदगुणों का विकास भी होता है अगर हम डॉक्टर के बताए अनुसार सही समय पर सही दवाईयाँ लेते है तो ही हमें फायदा होगा। इसी प्रकार सत्संग में भी सही समय में पहुंचने पर हमें काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार से मुक्ति मिलेगी। सत्संग में आने से और सदुगुरू के वचनो को अमल में लाने से आप परिवार और समाज की सेवा शुद्ध हृदय से कर सकते है। रायपुर से महात्माओं के साथ पहुंचे भाई संजय नेभवानी ने निरंकारी प्रकाशन पर बहुत सुंदर विचार करते हुए बताया कि यहाँ पर एक-एक किताब नारी शक्ति का उत्थान, हरदेव वाणी, अवतार वाणी सब रंग एक संग सदगुरू माता जी के विचार (दिव्य दीक्षा) इंसान के जीवन को बदलने में सक्षम है। आज मुक्ति पर्व सत्संग का आयोजन स्व. लीलाराम जी भोजवानी की याद में उनके परिवार द्वारा किया गया सत्संग के पश्चात लंगर प्रसाद की व्यवस्था भी की गयी। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी मदन लाल नवलानी ने दी।

## दिग्विजय महाविद्यालय के रासेयो इकाई द्वारा पौधारोपण किया गया



राजनांदगांव (दावा)। 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर मैंम के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी इकाई 1 प्रो. संजय सप्तर्षि, कार्यक्रम अधिकारी इकाई 2 प्रो.करुणा रावटे मैंम के नेतृत्व में भारत सरकार के आदेशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत रासेयो बगीचा कन्या छात्रावास में पौधारोपण किया गया।

कार्यक्रम संस्था के प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर मैम. दोनों कार्यक्रम अधिकारी एवं समस्त स्टॉफ के साथ-साथ हॉस्टल के छात्राएं एवं रासेयो के समस्त स्वयंसेविकाओं ने अपनी सम्पूर्ण सहभागिता निभाई।

## प्रथम पेज का शेष

***बेटी ने लिखी अस्पताल की काली...***

गिरफ्तार किया जाएगा, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मुझे यकीन है कि इसमें कई और लोग शामिल हैं। मुझे लगता है कि घटना के लिए पूरा विभाग जिम्मेदार है। पुलिस ने बिल्कुल भी अच्छा काम नहीं किया। मुझे लगता है कि मुख्यमंत्री विरोध को रोकने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने आज यहां धारा 144 लगा दी है, जिससे लोग विरोध न कर सकें।

***विधायक देवेन्द्र यादव गिरफ्तारी मामला..***

भाजपा के लोगों को एक भी नोटिस नहीं दी गई। पुलिस को पहले सभी वीडियो सार्वजनिक करना चाहिए एक भी कांग्रेस कार्यकर्ता दोषी होगा तो मैं खुद पुलिस के हवाले करूंगा बदले की भावना से भाजपा बदलापुर की राजनीति कर रही है।

कार्रवाई से डरी नहीं है कांग्रेस- जितनी धाराएं देवेंद्र के खिलाफ लगाई गई, सब गलत है। 20 धाराओं में विधायक देवेंद्र यादव के खिलाफ कार्रवाई की गई है। भाजपा सरकार नहीं चला पा रही है। जनता के बीच में भाजपा की गलत छवि बन गई है। इसलिए लोगों का ध्यान डायवर्ट करने भाजपा ऐसा काम कर रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी इस कार्रवाई का विरोध करती है। कांग्रेस सरकार की करवाई से डरी नहीं है। इस मामले में सरकार के खिलाफ कांग्रेस आंदोलन करेगी। सतनामी समाज के आंदोलन को कुचलने का भाजपा ने काम किया है।

***चंपाई सोरेन ने जेएमएम छोड़ने के संकेत...***

हर पल जनता के लिए उपलब्ध रहा. अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत में औद्योगिक घरानों के खिलाफ मजदूरों की आवाज उठाने से लेकर झारखंड आंदोलन तक मैंने हमेशा जन-सरोकार की राजनीति की है। राज्य के आदिवासियों, मूलवासियों, गरीबों, मजदूरों, छात्रों एवं पिछड़े तबके के लोगों को उनका अधिकार दिलवाने का प्रयास करता रहा हूं। किसी भी पद पर हर पल जनता के लिए उपलब्ध रहा, उन लोगों के मुद्दे उठाता रहा, जिन्होंने झारखंड राज्य के साथ अपने बेहतर भविष्य के सपने देखे थे। इसी बीच 31 जनवरी को एक अभूतपूर्व घटनाक्रम के बाद इंडिया गठबंधन ने मुझे झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के तौर पर राज्य की सेवा करने के लिए चुना। अपने कार्यकाल के पहले दिन से लेकर आखिरी दिन (3 जुलाई) तक, मैंने पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ राज्य के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। इस दौरान हमने जनहित में कई फैसले लिए और हमेशा की तरह, हर किसी के लिए सदैव उपलब्ध रहा।

बड़े-बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं, छात्रों एवं समाज के हर तबके तथा राज्य के हर व्यक्ति को ध्यान में रखते हुए हमने जो निर्णय लिए, उसका मूल्यांकन राज्य की जनता करेगी। जब सत्ता मिली, तब बाबा तिलका मांझी, भगवान बिरसा मुंडा और सिदो-कान्हू जैसे वीरों को नमन कर राज्य की सेवा करने का संकल्प लिया था।

मैंने कार्यकाल के दौरान किसी के साथ गलत नहीं किया- झारखंड का बच्चा-बच्चा जनता है कि अपने कार्यकाल के दौरान मैंने कभी भी, किसी के साथ ना गलत किया, ना होने दिया। इसी बीच, हूल दिवस के अगले दिन, मुझे पता चला कि अगले दो दिनों के मेरे सभी कार्यक्रमों को पार्टी नेतृत्व द्वारा स्थगित करवा दिया गया है। इसमें एक सार्वजनिक कार्यक्रम दुमका में था, जबकि दूसरा कार्यक्रम पीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण करने का था। पूछने पर पता चला कि गठबंधन द्वारा 3 जुलाई को विधायक दल की एक बैठक बुलाई गई है, तब तक आप सीएम के तौर पर किसी कार्यक्रम में नहीं जा सकते। सत्ता का रत्ती भर नहीं था लोभ- सत्ता का लोभ रत्ती भर भी नहीं था, लेकिन आत्म-सम्मान पर लगी इस चोट को मैं किसे दिखाता? अपनों द्वारा दिए गए दर्द को कहां जाहिर करता? जब वर्षों से पार्टी के केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक नहीं हो रही है। एकतरफा आदेश पारित किए जाते हैं, तो फिर किस से पास जाकर अपनी तकलीफ बताता? इस पार्टी में मेरी गिनती वरिष्ठ सदस्यों में होती है, बाकी लोग जूनियर हैं, और मुझ से सीनियर सुप्रीमो जो हैं, वे अब स्वास्थ्य की वजह से राजनीति में सक्रिय नहीं हैं। फिर मेरे पास क्या विकल्प था? अगर वे सक्रिय होते, तो शायद अलग हालात होते। कहने को तो विधायक दल की बैठक बुलाने का अधिकार मुख्यमंत्री का होता है, लेकिन मुझे बैठक का एजेंडा तक नहीं बताया गया था। बैठक के दौरान मुझ से इस्तीफा मांगा गया। मैं आश्चर्यचकित था लेकिन मुझे सत्ता का मोह नहीं था। उन्हें सिर्फ कुर्सी से मतलब था- इसलिए मैंने तुरंत इस्तीफा दे दिया लेकिन आत्म-सम्मान पर लगी चोट से दिल भावुक था। पिछले तीन दिनों से हो रहे अपमानजनक व्यवहार से भावुक होकर मैं आंसुओं को संभालने में लगा था लेकिन उन्हें सिर्फ कुर्सी से मतलब था। मुझे ऐसा लगा मानो उस पार्टी में मेरा कोई वजूद ही नहीं है, कोई अस्तित्व ही नहीं है। जिस पार्टी के लिए हम ने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। इस बीच कई ऐसी अपमानजनक घटनाएं हुई, जिसका जिक्र फिलहाल नहीं करना चाहता। इतने अपमान एवं तिरस्कार के बाद मैं वैकल्पिक राह तलाशने हेतु मजबूर हो गया।

मैंने भारी मन से विधायक दल की उसी बैठक में कहा कि आज से मेरे जीवन का नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। इसमें मेरे पास तीन विकल्प थे। पहला, राजनीति से सन्यास लेना, दूसरा, अपना अलग संगठन खड़ा करना और तीसरा, इस राह में अगर कोई साथी मिले, तो उसके साथ आगे का सफर तय करना। उस दिन से लेकर आज तक, तथा आगामी झारखंड विधानसभा चुनावों तक, इस सफर में मेरे लिए सभी विकल्प खुले हुए हैं। एक बात और यह मेरा निजी संघर्ष है इसलिए इसमें पार्टी के किसी सदस्य को शामिल करने अथवा संगठन को किसी प्रकार की क्षति पहुंचाने का मेरा कोई इरादा नहीं है। जिस पार्टी को हमने अपने खून-पसीने से सींचा है, उसका नुकसान करने के बारे में तो कभी सोच भी नहीं सकते। आपका, चंपई सोरेन।


## ज्योतिष चमत्कार ( 19 अगस्त 2024 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 59 | 60 | 79 | 89 |
| मंगल | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 62 | 78 | 87 | 90 |
| बुध | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 76 | 86 | 91 | 09 |
| गुरू | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 85 | 92 | 08 | 10 |
| शुक्र | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 93 | 07 | 12 | 29 |
| शनि | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 06 | 13 | 28 | 30 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 2 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 3 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 4 | 6 | 7 | 8 |
| स्पेशल | 43 | 62 | 71 | 80 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 09 | 10 | 29 | 30 |
| मंगल | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 12 | 28 | 31 | 48 |
| बुध | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 26 | 32 | 47 | 51 |
| गुरू | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 34 | 46 | 52 | 69 |
| शुक्र | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 45 | 53 | 68 | 70 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 1 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 2 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 6 | 7 | 8 |
| स्पेशल | 39 | 66 | 75 | 84 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | ˊ70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | ˊ79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 55 | 13 | 34 | 31 | 39 | 89 |
| 94 | 23 | 27 | 13 | 81 | 49 |
| 07 | 67 | 46 | 49 | 64 | 87 |
| 16 | 99 | 40 | ** | 33 | 82 |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 81 | 82 | 51 | 45 | 98 |
| 39 | 34 | 58 | 12 | 31 |
| 91 | 12 | 08 | 45 | 67 |
| 67 | 27 | 03 | ** | 16 |

**2023-24 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2023- -09
2024- 11-17-18-19-10-22-35-43-54-57-61-68-69-71-74-85-86-80-09

राजधानी नाईट 2023 -35-62
2024- 15-19-10-26-35-30-44-59-62-65--69-71-73-75-70-88-89-92-94-04-06-00

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

**राजनांदगांव (दावा)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एसएस टूटेजा की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव, बेमेतरा एवं कवर्धा के संयुक्त तत्वावधान में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा आयोजित की गई। इस दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव की प्रमुख डॉ. गुंजन झा उपस्थित रही।**




**चना फसल में खरपतवारनाशी की उचित मात्रा के साथ उपयोग करने के लिए दी गई सलाह**
**जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती अंतर्गत उत्पादित उत्पाद की उचित मार्केटिंग के लिए कार्ययोजना बनाने के लिए दिया गया सुझाव**

निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एसएस टूटेजा ने कृषि विज्ञान केन्द्रों की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक के महत्व एवं उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। बैठक में धान की फसल कटाई के बाद फसल अवशेष के उचित प्रबंधन हेतु प्रत्येक जिले में बेलर मशीन की उपलब्धता हेतु शासन स्तर से प्रयास किये जाने की बात कही गई। चना फसल में पोस्ट ईमरजेंस खरपतवार नाशी टो प्रामेजेन की उचित मात्रा के साथ उपयोग पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती के अंतर्गत उत्पादित उत्पाद की उचित मार्केटिंग की शासन स्तर पर कार्ययोजना बनाने हेतु सुझाव दिया गया। साथ ही सभी केन्द्रों, विभागों एवं प्रगतिशील कृषकों द्वारा अपने सुझाव प्रस्तुत किये गये। बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों को अपने सुझाव व अनुभव को साझा करने के लिए प्रेरित किया।

राजनांदगांव, बेमेतरा एवं कबीरधाम के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव की प्रमुख डॉ. गुंजन झा, डॉ. बीपी त्रिपाठी एवं तोषण ठाकुर द्वारा जिले की कृषि पद्धति एवं कृषि विज्ञान केन्द्र की वार्षिक प्रगति 2023-24 एवं कार्य योजना 2024-25 की प्रस्तुतिकरण दिया गया। इस अवसर पर जिला राजनांदगांव, बेमेतरा एवं कवर्धा के वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्य अधिष्ठाता संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कवर्धा डॉ. शिशिर प्रकाश शर्मा, अधिष्ठाता मत्स्यकीय महाविद्यालय कवर्धा, डॉ. बी नाईटंगेल, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख केवीके कवर्धा डॉ बी.पी. त्रिपाठी, उप संचालक कृषि जिला कवर्धा अमित मोहंती, सहायक संचालक मछली पालन डीएस सिरदार, वीएएस पशुपालन विभाग डॉ. मोनिका डहिरे एवं अन्य अधिकारी व कृषक सदस्य उपस्थित रहे। वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में केवीके राजनांदगांव से श्रीमती अंजली घृतलहरे, डॉ. अतुल डांगे, डॉ. योगेन्द्र श्रीवास व बेमेतरा, कवर्धा के तकनीकी अधिकारी डॉ. जितेन्द्र, जोशी, डॉ. तृप्ति ठाकुर, डॉ. लव कुमार, डॉ. अखिलेश कुमार, रमेश कुमार ध्रुव के साथ जिला बेमेतरा, राजनांदगांव एवं कवर्धा के कुल 20 कृषक सम्मिलित हुए।

# अभाविप ने ममता बैनर्जी का किया पुतला दहन

**डोंगरगढ़ (दावा)। पश्चिम बंगाल के कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना सामने आई है जिसके विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद डोंगरगढ़ द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया नगर मंत्री शुभम महोबिया ने कहा कि पश्चिम बंगाल में गत अनेकों माह से महिला सुरक्षा से संबंधित घटनाएं हो रही है।**

ऐसे दुष्कर्मों में संलिप्त लोगों को बचाने का प्रयास पश्चिम बंगाल की ममता सरकार कर रही है। टीएमसी के गुंडों द्वारा भी ऐसे अनेकों दुष्कर्म पूर्व में किए गए परंतु उनके विरुद्ध में कोई भी कार्यवाही ममता सरकार द्वारा नही की गई। बंगाल में हो रही यह घटनाएं मानवता को शर्मसार करने वाली है।



**कोलकाता घटना के विरोध में अभाविप डोंगरगढ़ ने निकली आक्रोश रैली**

इन सभी घटनाओं और ममता सरकार की चुप्पी के खिलाफ अभाविप डोंगरगढ़ द्वारा ममता सरकार का पुतला दहन किया गया।

विभाग संयोगक अमन बृज नामदेव ने कहा पश्चिम बंगाल में बढ़ते अत्याचार के विरोध में अभाविप डोंगरगढ़ द्वारा ममता सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली निकाला गया साथ नही नगर सहमंत्री दिव्या ठाकुर ने कहा कि आरोपियों को कड़ी सजा नहीं दी गई तो विद्यार्थियों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा पश्चिम बंगाल में डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी को लेकर छात्रा बहनों में काफी रोष है।

रैली में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुश मालेकर, प्रियंका यादव, अंजली रामटेके, आंचल, कुणाल, पंकज, उमंग, आशु, सरस्वती शिशु मंदिर व कान्यशाला के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# खोलारघाट में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस... विदाई एवं सह सम्मान समारोह भी आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। जिले के डोंगरगढ़ संकुल बछेराभाठा के सभी विद्यालयों में स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम एवं समारोह पूर्वक मनाया गया साथ ही शासकीय प्राथमिक शाला खोलारघाट में संकुल स्तरीय विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया।

इस कार्यक्रम में संकुल के शालाओं से पदोन्नत हुए शिक्षकों एवं पदोन्नत होकर संकुल की शालाओं में आए शिक्षकों का प्रतीक चिह्न एवं श्रीफल भेंटकर विदाई एवं स्वागत अभिनन्दन किया गया। यह कार्यक्रम विकास खंड डोंगरगढ़ के विकास खंड स्रोत समन्वयक सम्माननीय इनायत अली एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक राजेश शर्मा के विशेष आतिथ्य एवं संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। संकुल से प्रधान पाठक में पदोन्नत हुए शिक्षकों में श्रीमती वीणा मिश्रा, श्रीमती अर्चना धनेश्री, श्रीमती भावना यादव, श्रीमती शैल शर्मा, महेंद्र दास साहू, अंकालू राम धुर्वे एवं शिक्षक पद पर विजय साहू, पुष्पेन्द्र चंद्रवंशी पदोन्नत हुए और प्रधान पाठक पद पर पदोन्नत होकर संकुल बछेराभाठा में आए शिक्षकों में राधेलाल खरे एवं अजय कुमार यादव है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक कन्हैया अग्रवाल एवं संकुल समन्वयक अमृत दास साहू ने किया। आभार वक्तव्य सुश्री उषा किरण शाह मैडम ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जितेन्द्र बघेल, धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, विश्वनाथ चंद्रवंशी, श्रीमती नमिता श्रीवास्तव,श्री टेकेन्द्र साहू, सुश्री बिन्दु भगत, सुश्री रूखमा लाउत्रे, श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल, श्रीमती पुष्पांजलि चंद्राकर, दीपक चंद्राकर, राकेश साहू आदि शिक्षक शिक्षिकाएँ रहे।

# रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती पर विशाल रक्तदान शिविर में विष्णु लोधी हुए सम्मिलित




डोंगरगढ़(दावा)। सर्किल लोधी समाज छुईखदान के तत्वाधान में 16 अगस्त को वीरांगना रानी अवन्ति बाई लोधी की जन्मदिन के अवसर पर नर्मदा स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छुईखदान सर्किल द्वारा लगातार द्वितीय वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा अवंती बाई लोधी एवं लोधेश्वर महादेव की प्रतिमा का पूजा कर किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी सम्मिलित हुए।

विष्णु लोधी ने लोधी समाज के रक्तदान करने वाले रक्त वीरों का रक्तदान शिविर में पहुंचकर हौसला बढ़ाया साथ ही सफल आयोजन के लिए विष्णु लोधी ने छुईखदान सर्किल के अध्यक्ष अशोक जंघेल एवं सर्किल के समस्त पदाधिकारियों को बधाई दी। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, मोती राम जंघेल संरक्षक तीरथ चंदेल संरक्षक उत्तम वर्मा अध्यक्ष जिला लोधी समाज, नंदकुमार चंदेल महासचिव, दशमत जंघेल प्रदेश अध्यक्ष महिला संगठन, भगवती वर्मा प्रदेश प्रचार सचिव, अवध जंघेल जिला कोषाध्यक्ष, ज्योति जंघेल, अशोक जंघेल अध्यक्ष छुईखदान सर्किल, रोहित जंघेल जिला उपाध्यक्ष, नेतराम जंघेल (नेताजी), नेतराम जंघेल, श्रवण जंघेल, कामदेव जंघेल, लुकेश्वरी जंघेल, गोरेलाल वर्मा, अशोक वर्मा, रमेश जंघेल, गोरेलाल जंघेल, कमलनारायण वर्मा, डेरा लाल, मिनेश जंघेल, सौरभ जंघेल, अजेन दशरिया, रोशन जंघेल, विपिन जंघेल, संतकूमार, कामता प्रसाद वर्मा, कैलाश वर्मा, तिलक वर्मा, तरुणा जंघेल, प्रकाश जंघेल,धनेश जंघेल, मुकेश वर्मा, पंकज वर्मा, नोहर वर्मा, पवन मारकंडे, जनेन्द्र जंघेल, विश्राम वर्मा आदि बड़ी संख्या में समाज के युवा, महिला एवं पुरूष उपस्थित रहे।

# प्रिंट मीडिया एंड वेबपोर्टल वर्कर्स वेलफेयर एसो. ने किया ध्वजारोहण



राजनांदगांव (दावा)। आजादी के 78वें दिवस पर राजनांदगांव शहर के हाट बाजार में 15 अगस्त के अवसर पर प्रिंट मीडिया एंड वेब पोर्टल वर्कर्स वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया।

इस अवसर में भारत माता एवं महात्मा गांधी के तैल चित्र पर तिलक माल्यार्पण कर नमन किया। सभी पत्रकार साथियों ने 78वें स्वाधीनता दिवस पर एकजुट होकर तिरंगे को सलामी दी और देश के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष शेखर यादव, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, सचिन तरुण सोनी, कोषाध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, मीडिया प्रभारी दयानंद देवांगन, उत्तम कोसरिया, प्रवीण यादव, आशीष साहू, नितिन हिरवेकर, संतोष सहारे, व्यापारीगण एवं हाट बाजार के सदस्य सहित पत्रकारगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी दयानंद देवांगन मीडिया प्रभारी द्वारा दी गई।

# वनांचल में मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

**डोंगरगढ़(दावा)। 15 अगस्त को 'स' समवाय कन्हारगॉव 40वी वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के द्वारा सुदूर ग्राम घोटिया में सेनानी, 40वीं वाहिनी भा.ति.सी.पु. अनंत नारायण दत्ता के कुशल मार्गदर्शन में सहायक सेनानी नरेन्द्र सिंह सलाल के नेतृत्व में, 78वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ग्राम घोटिया के प्राथमिक शाला में ग्राम प्रधान, ग्रामवासियों, बच्चों एवं शिक्षकों के साथ ध्वजारोहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**



**हमारा देश गुलामी की बेड़ियों को काटकर ब्रिटिश शासन के चंगुल से आजाद हुआ था - नरेन्द्र सिंह सलाल**

इस मौके पर नरेन्द्र सिंह सलाल ने बच्चों व ग्रामवासियों को तिरंगा झंडा, टॉफी और मिष्ठान का वितरण किया गया एवं स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर अपने संबोधन के माध्यम से बताया गया कि कैसे हमारा देश गुलामी की बेड़ियों को काटकर ब्रिटिश शासन के चंगुल से आजाद हुआ था। साथ ही उन महान विभूतियों को भी याद किया गया जिन्होनें आजादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व नौछावर कर दिया। आजादी के इस पावन अवसर पर ग्रामवासियों व बच्चों में अपने आई.टी.बी.पी. के जवानों को देखकर काफी उत्साह देखा गया और ग्रामवासियों ने भी बच्चों के साथ-साथ इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

# 78वां स्वाधीनता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया

डोंगरगढ़(दावा)। स्वतंत्रता दिवस पर्व के अवसर पर शाला के बच्चों को उनकी योग्यता व विभिन्न प्रतियोगिताओं का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। 100 वर्ष पूर्व से संचालित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे स्कूल भवन में संचालित हाईस्कूल में 78वां स्वाधीनता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया।



**शताब्दी वर्ष पूर्व से संचालित रेलवे स्कूल में अध्यनरत बच्चों को किया गया पुरस्कृत**

ध्वजारोहण हाईस्कूल के वरिष्ठ शिक्षक मिलिंद के टेंभुरकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य जी पी खैरवार, वी भीमटे, दुर्गेश वस्त्रकर, श्रीमती बोबिनवाला, साक्षी वैष्णव, सुरक्षा थानथराते, नितिन, प्रेमलाल, लक्ष्मी रजक, रमेश परिहार व शाला के सभी बच्चे उपस्थित थे। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति गीत गए और कविताएं प्रस्तुत की।

# कॉन्फ्लुएंस कॉलेज पारीकला में स्वनिर्मित राखी निर्माण कार्यशाला का आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लुएंस कॉलेज ऑफ़ हायर एज्यूकेशन पारीकला राजनांदगांव में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्व निर्मित राखी निर्माण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में विशेषज्ञ के रूप में कंप्यूटर साइंस विभाग के सहायक प्राध्यापक सुमन साहू द्वारा स्व निर्मित राखी बनाने हेतु विधियां बताई। छात्र-छात्राओं ने कच्ची सामग्री बाजार से क्रय कर बहुत खूबसूरती के साथ राखी बनाया। विद्यार्थियों का प्रयास था कि, हम अपने कौशलों का विकास कर स्वरोजगार निर्माण कर सकते हैं। इसी अवधारणा को लेकर छात्र-छात्राओं ने बहुत कम कीमत में अच्छी-अच्छी राखियां बनाई। बेस्ट प्रैक्टिस सेल के तहत इस कार्यशाला में महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष (शिक्षा) प्रीति इंदौरकर ने विद्यार्थियों का उचित मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इसी तरह से अन्य कार्यों को भी अपने कौशलों का प्रयोग करके स्वरोजगार निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को देखकर कर कहा कि सभी विद्यार्थियों में प्रतिभा होती है, लेकिन अवसर की कमी एवं उपयुक्त मंच ना मिलने के कारण अपनी प्रतिभा को निखारने में असफल रहते हैं। महाविद्यालय ऐसे छात्रों को उचित प्लेटफार्म प्रदान करते हैं। प्राध्यापक गण उचित मार्गदर्शन देकर विद्यार्थियों के कौशलों का विकास करते हैं। राखी मेकिंग कार्यशाला में पधारे महाविद्यालय के संचालकगण डॉ.मनीष जैन, आशीष अग्रवाल एवं संजय अग्रवाल ने विद्यार्थियों की कला को सराहते हुए संयुक्त रूप से कहा कि इस प्रकार अपने कौशलों का विकास कर एक अच्छे उद्यमी बन सकते हैं।

# ग्राम दर्राबांधा में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित



**चिचोला (दावा)। चिचोला समीपस्थ ग्राम दर्राबांधा में शहीद वीरनारायण सिंह एकेडमी व समस्त शाला परिवार ग्राम दर्राबांधा के तत्वावधान में गत दिनों सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।**

जिसकी परिणाम की घोषणा 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर किया गया, जिसमें 6वीं से 10वीं कक्षा के श्रेणी में प्रथम स्थान तारण धनकर, द्वितीय योगराज वैष्णव, तृतीय स्थान संजना निषाद और 4थीं-5वीं के श्रेणी में प्रथम स्थान भाविका मंडावी, द्वितीय स्थान रेशमा नेताम, तृतीय स्थान डिम्पल साहू ने प्राप्त किया। परीक्षा में कुल 96 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इस परीक्षा में कक्षा 4थीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया था।

# सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्राप्त ग्राम सभा ने किया 5000 पौधारोपण

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारो की मान्यता) अधिनियम 2006 तथा अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारो की मान्यता) नियम 2007 तथा संशोधित नियम 2012 के तहत वर्ष 2021 में जिला मोहला मानपुर चौकी आश्रित ब्लाक अं. चौकी ग्राम पंचायत खुर्सीपार ग्राम सभा मालडोंगरी को 327.716 एकड़ सामुदायिक वन संसाधन अधिकार मान्यता दी गयी है साथ यह अधिकार संरक्षण, पुनरूजीवित या संरक्षित या प्रबंध करने का अधिकार ग्राम सभा को प्रदान करती है, जिसकी वे सतत् उपयोग के लिए परंपरागत रूप से सुरक्षा और संरक्षण को देखते हुए आज दिनांक 11 अगस्त को ग्रामसभा के सदस्यों द्वारा अपने पारम्परिक सीमा के रिक्त स्थानो पर 5000 बांस का पौधारोपण किया गया। वन संसाधनों के पूर्व के प्रजातियों को ध्यान में रखकर आगामी विभिन्न प्रकार के पौधो का रोपण किया जावेगा।



इन पौधा रोपण में जलाऊ लकड़ी के उपयोग, जैव विविधता को बनाए रखने की भी चर्चा ग्राम सभा में की गई। आज के इस रोपण कार्य में ग्राम के महिलाओं द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह जानकारी ग्राम के प्रमुख दरोगा नेताम के द्वारा दी गयी। पौधा रोपण कार्य में ग्रामसभा के सभी व्यक्ति शामिल रहे। यह निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक 100 पौधों की सुरक्षा एक परिवार की जिम्मेदारी रहेगी। आगामी समय में ग्राम सभा द्वारा पौधों की सुरक्षा पर नियम बनाकर सभी को बताया जाएगा।

# स्वतंत्रता दिवस पर पौधे भेंटकर बताया पर्यावरण का महत्व

ठेलकाडीह(दावा)। आज हमारा कोई सबसे बड़ा दुश्मन है तो वह प्रदुषण है। हमें इससे अब तक आजादी नहीं मिली है। इसलिए पर्यावरण संरक्षण करना बेहद जरूरी है। राजनांदगावं ब्लॉक के ग्राम महरूमखूर्द में सैकड़ो पौधे बाटकर स्वतंत्रता दिवस बनाया गया।

इस मौके पर सरपंच, इंदू वर्मा, प्रतिनिधि नीलू वर्मा, उपसरपंच उत्तम वर्मा, ग्राम पटेल रोहित वर्मा, टीकराम वर्मा, डोमार वर्मा, देवशरण वर्मा, महेश पाल, परशुराम चंदेल, छबी यादव, लतापाल सहित शिक्षकगण एवं गांव की महिलाएं व स्कूली बच्चें उपस्थित रहे। इस मौके पर सरपंच वर्मा ने गांव के लोगों को सैकड़ों पौधे भेंट कर उन्हे लगाने कहा। प्रतिनिधि नीलू वर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आप लोगों को इसलिए पौधे दिया जा रहा है कि मौजूदा समय में अपने गांव, राज्य व देश को प्रदुषण से बचाना है। इस स्वतंत्रता दिवस पर हर भारतीय को राष्ट्रहित में एक पौध अवश्य लगाना चाहिए। ताकि आम इंसानों के साथ पेड़ पौधे व जीव जंतु सभी स्वतंत्र वातावरण में सांस ले सकें।



**महरूमखुर्द सरंपच ने बांटे सैकड़ों पौधे, पेड़ बनने तक जिम्मेदारी का संकल्प दिलाया**

### घर बनाते समय यथा संभव पेंड़ लगाएं

यदि हम नये घर का निर्माण करने वाले है तो उससे पहले पेड़ लगाकर प्रकृति को सहेजे। अपने आंगन में थोड़ी सी जगह पेड़-पौधे के लिए रखें। ये हरयाली देंगे, तापमान कम करेंगे। उन्होने प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों से भी आग्रह किया है कि घर बनाने के पहले भूमिपूजन में एक पौधे लगाकर उन्हे संरक्षित करने का संकल्प लेकर घर बनाने का प्रारंभ करें। जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने भी एक पेड़ मॉ के नाम अभियान की शुरूआत की है। उसी प्रकार देश व राज्य के प्रत्येक प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को पौधे रोपकर उसे पेड़ बनाने उन्हे संकल्पित किया जाना चाहिए सरकार को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

# देवेन्द्र की गिरफ्तारी : गुरु खुशवंत साहेब बोले- गलत तरीके से लहराया हमारा झंडा, देवेंद्र यादव प्यादा हैं सरगना कोई और....



रायपुर। बलौदाबाजार हिंसा मामले में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी गिरफ्तारी के बाद प्रदेशभर में सियासी तूफान आ गया है। जहां कांग्रेस के बड़े नेता बीजेपी पर हमलावर है तो वहीं कांग्रेसी जगह- जगह पर सीएम विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा के पुतले फूंक रहे हैं। इसी कड़ी में बीजेपी विधायक खुशवंत साहेब ने देवेंद्र यादव के झंडा लहराने को गलत ठहराते हुए कहा कि, ये देवेंद्र यादव प्यादा हैं सरगना कोई और है।

आरंग बीजेपी विधायक खुशवंत साहेब ने कहा कि, कल की घटना को सबने देखा है कि, देवेंद्र यादव ने किस तरह हमारे आस्था का प्रतीक चिन्ह सादा झंडा का अपमान किया है। वे उसे गलत तरीके से लहरा रहे थे और उन्होंने हमारी आस्था को ठेस पहुंचाने का काम किया है। समाज को भड़काने का काम कांग्रेस नेताओं ने किया है। ये संविधान की बात कर रहे हैं और कानून का पालन नहीं कर रहे हैं। यदि आप निर्दोष हैं तो किस बात का डर है। कांग्रेस नेता के प्रोपेगेंडा खड़ा कर रहे हैं।

### डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने शांति बनाये रखने की अपील

विधायक देवेंद्र की गिरफ्तारी पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, विधायक देवेंद्र यादव पुलिस को सहयोग नहीं कर रहे थे। इस वजह से उन्हें गिरफ्तार करना पड़ा है। इस घटना में कोई भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। देवेंद्र यादव ने गिरफ्तारी के दौरान सफेद झंडा का सहारा लिया है। वो समाज विशेष को गिरफ्तारी से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। किसी भी प्रकार की दुर्भावना से कार्रवाई नहीं की गई है। मैं प्रदेश में सभी से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं।


### सीएम साय बोले- पुलिस ने सोच समझकर की कार्रवाई

विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि, यह कोई राजनीतिक षड्यंत्र नहीं है। पुलिस ने सोच समझकर कार्रवाई की है। वह छोटा-मोटा आदमी नहीं है।

# स्टाक मार्केट एप ट्रेडिंग कम्पनी में ज्यादा रूपए कमाने के झांसे में शहर के व्यवसायी ने गंवाए 3.40 करोड़ रूपए

राजनांदगांव (दावा)। शहर के बालगोविंद चौक निवासी 33 वर्षीय व्यवसायी युवक ने स्टाक मार्केट एप ट्रेडिंग कम्पनी में ज्यादा रूपए कमाने के झांसे में आकर 3 करोड़ से ज्यादा की रकम गंवा दी। अपने साथ बीते माह हुए उक्त धोखाधड़ी की घटना के संबंध में करोड़ों रूपए गंवा चुके युवक राहुल जैन पिता रिखब जैन ने बसंतपुर थाने में लिखित आवेदन पेश कर उसके साथ करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रार्थी के लिखित शिकायत पर बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगण ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय नए कानून की धारा 318 (4), 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया है।

बताया जाता है कि प्रार्थी राहुल जैन को वाट्सअप ग्रुप के स्टाक मार्केट ट्रेडिंग एप कम्पनी का कालिंग भेजकर वेबसाइड का एकाउंट बनाकर एप की स्टाक मार्केट ट्रेडिंग एप आईपीओ में ज्यादा मुनाफा दिलाने झांसा देकर आरोपी द्वारा विभिन्न खातों में 26 जुलाई 2024 से 9 अगस्त 2024 तक कुल 3 करोड़ 40 लाख 95 हजार रूपए जमा कराकर रकम को शेयर मार्केट में न लगाकर वेबसाइट में फर्जी तरीके से झूठा मुनाफा दिखाकर धोखाधड़ी किया गया। उक्त संबंध में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ उपर्युक्त धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जानने में आया है कि किसी ललिता नामक लड़की द्वारा राहुल जैन को अलग-अलग आनलाइन ट्रेडिंग वाले शेयर मार्केट में पैसा लगाने के लिए जोड़ा था। फिलहाल पुलिस उक्त कथित ललिता नामक लड़की की पतासाजी व ऑनलाइन ट्रेडिंग की खोजबीन में जुट गई है।




# नगरनार स्टील प्लांट निजी हाथों में दे रही सरकार ? टीएस सिंहदेव की पोस्ट से खलबली





रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के बस्तर का नगरनार प्लांट, जहां क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिल रहा है। यहां कई लोगों नौकरी मिली है। इतना ही नहीं जिन लोगों की जमीन अधिग्रहण की गई है, उनको नौकरी देने का भी आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब ये कयास लगाए जा रहे हैं कि नगरनार प्राइवेटीकरण किया जा रहा है।

यदि ऐसा होता है तो क्षेत्र के लोगों के साथ वादा खिलाफी होगी। यह सब बातें पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने एक्स पर पोस्ट कर कही है। उनकी एक पोस्ट से छत्तीसगढ़ के सियासी गलियारों में खलबली मच गई है।

### एनएमडीसी की पैरेंट बॉडी से डि-लिंक

पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने नगरनार प्लांट के निजीकरण की साजिश का आरोप केंद्र और राज्य सरकार पर लगाया है। इसको लेकर एक्स पर वीडियो जारी किया और लिखा भी है।

जिसमें कहा है कि नगरनार प्लांट को एनएमडीसी की पैरेंट बॉडी से डि-लिंक किया गया है। इससे प्लांट का निजीकरण हो सकता है। यह छत्तीसगढ़ और बस्तर की जनता से वादाखिलाफी है।

### पहले भी किया गया था निजीकरण का विरोध

पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव ने वीडियो में कहा कि नगरनार स्टील प्लांट एनएमडीसी ने बनाया। सेमी सेंट्रल गवर्नमेंट की स्कीम के अनुसार छत्तीसगढ़ सरकार ने जमीन अधिग्रहण की थी। इसके बाद स्टील प्लांट लगाया गया। नगरनार प्लांट को पहले भी निजी हाथों में सौंपने की तैयारी थी, उस समय भी इसका जमकर विरोध हुआ था।

### बस्तर की जनता के साथ किया धोखा : टीएस

वीडियो में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव कहते दिख रहे हैं कि 3 अक्टूबर को 2023 को प्रधानमंत्री ने स्टील प्लांट का उद्घाटन किया था। इसके साथ ही बस्तर की जनता से कहा था कि यह नगरनार स्टील प्लांट बस्तर के लोगों की संपत्ति है। यह उनके पास ही रहेगा। इसके बाद अमित शाह ने भी इसी वादे को दोहराया। लेकिन यह पिछले दरवाजे से किया जा रहा है।

### इसलिए की जा रही चर्चा

नगरनार स्टील प्लांट को पैरेंट कंपनी एनएमडीसी से डि-मर्जर किया है। ये प्रोसेस 2020 में शुरू की गई थी। इसका विरोध भी उस समय हुआ था। बताया जा रहा है कि इस समय नगरनार स्टील प्लांट स्वतंत्र ईकाई के रूप में विकसित होकर काम कर रहा है। अब इसके ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि इसका प्राइवेटाइजेशन हो सकता है। यदि ऐसा हुआ तो बस्तर के लोगों के रोजगार पर खतरा है।

# रक्षाबंधन पर धनिष्ठा नक्षत्र समेत बन रहे हैं कई मंगलकारी संयोग, प्राप्त होगा दोगुना फल



राजनांदगांव (दावा)। सनातन धर्म में रक्षाबंधन पर्व का विशेष महत्व है। यह पर्व हर वर्ष सावन पूर्णिमा पर मनाया जाता है। इस शुभ तिथि पर बहनें अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधती हैं। वहीं, भाई अपनी बहनों को अपने बजट के अनुसार गिफ्ट देते हैं। इस वर्ष 19 अगस्त को रक्षाबंधन है। ज्योतिषियों की मानें तो सावन पूर्णिमा पर धनिष्ठा नक्षत्र का संयोग बन रहा है। साथ ही कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। इन योग में भगवान विष्णु की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होगी। साथ ही भाई को राखी बांधने से दोगुना फल प्राप्त होगा।

### शुभ मुहूर्त

श्रावण पूर्णिमा 19 अगस्त को देर रात 11 बजकर 55 मिनट तक है। हालांकि, प्रातःकाल से भद्रा का योग बन रहा है। भद्रा के दौरान राखी न बांधने की सलाह दी जाती है। इसके लिए भद्रा के दौरान राखी न बांधें। 19 अगस्त को राखी बांधने के लिए शुभ समय दोपहर 1 बजकर 33 मिनट से लेकर 4 बजकर 20 मिनट तक है। वहीं, प्रदोष काल में शाम 6 बजकर 56 मिनट से लेकर 9 बजकर 08 मिनट तक है। इस योग में बहनें अपने भाईयों को राखी बांध सकती हैं।


### धनिष्ठा नक्षत्र

रक्षाबंधन पर धनिष्ठा नक्षत्र का शुभ संयोग बन रहा है। इस योग का निर्माण सुबह 08 बजकर 11 मिनट से हो रहा है। वहीं, इस योग का समापन 20 अगस्त को सुबह 05 बजकर 45 मिनट पर हो रहा है। ज्योतिष धनिष्ठा नक्षत्र को शुभ मानते हैं। इस नक्षत्र के संयोग में पूजा-पाठ और दान-पुण्य कर सकते हैं। इसके साथ ही शोभन योग का निर्माण हो रहा है। शोभन योग देर रात 12 बजकर 47 मिनट तक है। इस योग में बहनें अपने भाईयों को राखी बांध सकती हैं। ऐसा करने से दोगुना फल प्राप्त होगा।

### करण

ज्योतिषीय गणना के अनुसार, रक्षाबंधन पर भद्रा समाप्त होने के साथ ही बव करण का निर्माण हो रहा है। आसान शब्दों में कहें तो दोपहर 1 बजकर 33 मिनट से बव करण का संयोग बन रहा है। इस योग का समापन देर रात 11 बजकर 55 मिनट पर हो रहा है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com